CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17° C
न्यूनतम : 07° C

मुरादाबाद, रविवार 21 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 127 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चाहे कालीन भैया हो या कोडीन भैया, सबके खिलाफ चलना चाहिए बुलडोजर: अखिलेश पेज 2



गिल को नहीं मिली टी-20 विश्वकप टीम में जगह खेल टाइम्स



तोशाखाना केस: इमरान खान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा पेज 11



जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड बॉलीवुड

# आरएसएस के लिए सच्चाई नहीं, शक्ति जरूरी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत की आलोचना की।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। आरएसएस ऐसा नहीं करती। बता दें कि राहुल गांधी 5 दिन के जर्मनी दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम कनेक्टिंग कल्चर्स में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी। राहुल गांधी ने जर्मनी के हर्टी स्कूल में अपने संबोधन में तेजी से बदलते वैश्विक माहौल के बीच भारत की दिशा पर अपनी बात रखी।

**■ कांग्रेस सांसद जर्मनी में बोले: उनके प्रमुख यह खुले तौर पर कह रहे, यही उनमें और कांग्रेस में अंतर**



### राहुल गांधी विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा का दावा है कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान भारत-विरोधी ताकतों से मुलाकात करते हैं। साथ ही राष्ट्रीय हितों के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहते हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए के भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी अक्सर संसद सत्र के दौरान विदेश यात्राओं पर चले जाते हैं। उदाहरण के तौर पर राहुल के हालिया जर्मनी दौरे का जिक्र किया। भाटिया ने कहा किनेता प्रतिपक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि जब संसद सत्र चले तब वह सदन में मौजूद रहे, लेकिन राहुल विदेश चले गए।

### सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली।** विशेष एनआईए अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह गैर-जमानती वारंट 2012 के एक आतंकी मामले में जारी किया गया है, जो पुलिस स्टेशन बड़गाम में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम व धारा 506 आरपीसी के तहत दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में 7 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को मैमनसिंह शहर में गुरुवार को हुई इस घटना की त्वरित और गहन जांच के बाद इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। इस घटना ने बांग्लादेश में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। श्री दास पर ईशनिंदा के आरोपों को लेकर भीड़ ने बेरहमी से हमला किया। वहां हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने उस शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शरीर को जला दिया गया। इस घटना ने इस क्षेत्र में गहरी जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक तनाव को उजागर किया है।

### दिल्ली में एक्यूआई 535 के स्तर पर पहुंचा, ग्रैप-4 लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जहरीले धुएं की परत छाने से शनिवार को व एक्यूआई 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत सभी कार्रवाइयां लागू की गई हैं। राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं जहां एक्यूआई 535 रिकॉर्ड किया गया है। यह अत्यंत खतरनाक श्रेणी को दर्शाता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति का संकेत देता है।

### दिल्ली में कोहरे के कारण 125 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गई। सुबह 10 बजे तक प्रस्थान करने वाली 63 और यहां उतरने वाली 66 उड़ानें रद्द कर दी गई।

# मोदी का ममता पर तीखा हमला

## कहा: टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए SIR का कर रही विरोध

कोलकाता, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का हेलीकॉप्टर शनिवार को कुहासे की वजह से ताहेरपुर में नहीं उतर पाया। उसके बाद पीएम मोदी ने मोबाइल से सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में टीएमसी और ममता बनर्जी की सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने राज्य की जनता से बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बार बीजेपी को मौका दें। उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने बिहार ने विकास के लिए एनडीए सरकार को प्रचंड विजय दिलाई है। गंगाजी बिहार से बहते हुए बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा का विजय का रास्ता बना दिया है। बिहार ने जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है। 20 साल बाद भाजपा-एनडीए को पहले से अधिक सीटें दी हैं। पश्चिम बंगाल में महाजंगल राज चल रहा है। उससे हमें मुक्ति चाहिए। पश्चिम बंगाल का बच्चा-बच्चा कह रहा है। पश्चिम बंगाल का हर गांव, शहर, हर गली और मोहल्ला कर रहा है। बाचते चाई, बीजेपी ताई। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी सरकार है, जो कमीशन में लगी रहती है। विकास से जुड़े हजारों रुपये के प्रोजेक्ट लटके पड़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का विरोध करें, लेकिन जनता के सपनों को चूर-चूर करने का पाप नहीं करें। राज्य के प्रबुद्ध जनता से अपील कर रहा हूं कि यहां बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाकर देखें। उन्होंने कहा कि गोबैक के नारे लगाने वाले घुसपैठिए के लिए चुप हो जाते हैं। वे गोबैक मोदी के नारे लगाते हैं। यही टीएमसी का असली चेहरा है। टीएमसी घुसपैठिए को बचाने के लिए बंगाल में एसआईआर का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सर्वप्रथम क्षमा प्रार्थी हूं कि खराब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर नहीं उतर पाया। कुहासे की वजह से कुछ भाजपा कार्यकर्ता रेल हादसा के -शेष पृष्ठ दो पर

**पीएम ने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग का किया उद्घाटन**




### अगस्ता वेस्टलैंड केस: कोर्ट ने दिया मिशेल की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेस्म को हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने खुशी जाहिर की और कहा कि भारत में कुछ अच्छे जज हैं। मैं कोर्ट के आदेशों से संतुष्ट हूं। भारत का संविधान बहुत अच्छा है। हालांकि, क्रिश्चियन मिशेल जेम्स अभी भी सीबीआई केस में हिरासत में रहेंगे।

# नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: ये उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं, बल्कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है।

पासपोर्ट रिन्यू करते समय पासपोर्ट अथॉरिटी किसी व्यक्ति की भविष्य की यात्रा का शेड्यूल या वीजा की जानकारी नहीं मांग सकती। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि पासपोर्ट अधिकारी का काम सिर्फ यह देखना है कि आपराधिक मामला पेंडिंग होने के बावजूद संबंधित अदालत ने यात्रा की संभावना खुली रखी है या नहीं। अगर अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू कराने की परमिशन दी है, तो पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में महेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई हुई। महेश का पासपोर्ट साल 2023 में एक्सपायर हो चुका है। रांची की एनआई कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके पासपोर्ट रिन्यू कराने पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी।



**■ शीर्ष अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया**






# मनरेगा के लिए लड़ी थी और अब इसे खत्म करने के खिलाफ भी लड़ूंगी: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के खिलाफ भी लड़ेंगी। श्रीमती गांधी ने शनिवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे आज भी याद है, -शेष पृष्ठ दो पर



**■ मोदी सरकार ने नया कानून लाकर गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है**

### जी राम जी विधेयक का लक्ष्य इसे नए रूप में मजबूत बनाना है: मोदी

**नई दिल्ली।** विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर विपक्ष के कड़े विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस विधेयक का लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है, बल्कि इसे नए सिरे से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि विधेयक का लक्ष्य रोज़गार गारंटी बढाना, स्थानीय योजना को शामिल करना, मज़दूरों की सुरक्षा और खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाना और ग्रामीण आजीविका व्यवस्था को बदलना है।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार लाएगी ईवी नीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी को स्वच्छ बनाने और प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लेकर आयेगी। डॉ. पंकज ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए हम जनहित में इलेक्ट्रिक वाहन नीति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तब परिवहन विभाग में मात्र 300 ईवी बसें थीं जबकि आज यह संख्या बढ़कर 3,518 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च तक इसे 5,000 तक पहुंचा देंगे। पिछले साल के 80 हज़ार की तुलना में इस साल ईवी वाहनों का पंजीकरण एक लाख का आंकड़ा पार कर चुका है।

### मोदी-शाह ने दी एसएसबी को स्थापना दिवस पर बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के प्रमुख केन्द्रीय पुलिस बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के स्थापना दिवस पर उसके सभी जवानों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है और कर्तव्य की उनकी भावना राष्ट्र की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण भूभागों से लेकर अभियानों की कठिन परिस्थितियों तक एसएसबी हमेशा सतर्क रहती है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर इस बल से जुड़े सभी कार्मिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगीना(बिजनौर) के सांसद चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण के खिलाफ नगीना अदालत में विचाराधीन याचिका को स्थगित कर दिया है।

सांसद के विद्वान वकील चौधरी दिलनिसार ने नगीना अदालत में लंबित याचिका संख्या 404/2021 राज्य बनाम चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाख़िल की थी, जो भारतीय दंड संहिता संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 146/2019 में वास्ते विचारण लंबित था और इस मामले को समाप्त करने की गुहार लगाई थी।

हाईकोर्ट में एक याचिका संख्या 44704/2025 दाख़िल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार के लगाए आरोपों के खिलाफ स्वीकार करते हुए निचली अदालत की कार्यवाही को स्थगित कर दिया और कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दिया गया रिलीफ विधिसम्मत है। हाईकोर्ट के इस फैसले से सांसद ने राहत महसूस की है और भविष्य में न्याय की उम्मीद जाहिर की है। सांसद चंद्रशेखर ने अपने अधिवक्ता दिल निसार को मुबारकवाद दी। चौधरी दिल निसार अहमद एडवोकेट सहारनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जॉनिसार अहमद के पुत्र हैं।





■ सरकार के खिलाफ नगीना अदालत में चल रहे मामले पर दिया स्टे

# महिलाओं के शिक्षित होने से समाज बदला: राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केजीएमयू के 21वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पहले समाज में महिलाएं बहुत पीछे थीं, पढ़ने की इच्छा होने के बावजूद उन्हें पढ़ने नहीं दिया जाता था। अब महिलाओं को मौका मिला है, मैंने देखा है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 80 प्रतिशत अवार्ड महिलाएं अपने नाम दर्ज करती हैं। समाज में बहुत बदलाव आया है।

इस दौरान कुल 2431 स्टूडेंट्स को ऑनलाइन डिग्री प्रदान की गई। 81 मेधावियों को मेडल और अवॉर्ड्स देकर सम्मानित किया गया। इनमें कुल 48 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहे। समारोह में 100 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल, 7 को सिल्वर, 2 को बुक प्राइज, 3 को कैश प्राइज और 7 को सर्टिफिकेट आफ ऑनर दिया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और यूपी भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. डा. सोनिया नित्यानंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा को व्यवसाय नहीं सेवा समझें, सेवाभाव से ही जरूरतमंद की मदद करना है। यहां से पास होकर निकला बड़ी उपलब्धि है। आपको मानवीय संवेदना के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और सेवाभाव से पूरी करनी है। आप सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं।



■ केजीएमयू के 21 वें दीक्षांत समारोह में 2431 छात्रों को डिग्रियां वितरित

### डाक्टर असंभव को संभव कर देते हैं: नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज के समय में बच्चे को अच्छी परवरिश देना माता-पिता के लिए तपस्या होती है। आप सबने अपने हुनर, तपस्या और लगन से असंभव को संभव किया है। एक रोगी को स्वस्थ बनाना चिकित्सक के ऊपर होता है, इसीलिए कहा जाता है कि चिकित्सक असंभव को भी संभव कर देते हैं। उन्होंने कहा कि केजीएमयू ने सिर्फ देश की सेवा नहीं की, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा की है। यहां कॉर्निया ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांस्प्लांट, नी ट्रांस्प्लांट और अब बोनमैरो ट्रांस्प्लांट भी होता है। आपके उत्कृष्ट रिजल्ट के लिए आप सभी को ढेरों बधाई, यह स्वर्णिम क्षण है। नड्डा ने कहा कि 1950 के दशक में एक कांसेप्ट के तहत नेशनल मेडिकल काउंसिल खोला गया।

## जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दो टूक

# कबूतरबाजों पर सख्त कार्वाई करें अधिकारी

**गोरखपुर, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाए। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है, हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। सीएम योगी ने जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने के मामले पर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है। जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।

मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।



धोखाधड़ी करने वालों से पीड़ित का पैसा भी वापस कराकर इंसाफ दिलाएं

### अखिलेश किसी को बचा नहीं पाएंगे: मौर्य

**लखनऊ।** यूपी के कफ सिरप कोडीन मामले पर बीजेपी एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने बीते दिन सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ कफ सिरप मामले के आरोपी आलोक सिंह की फोटो पोस्ट की थी, जिसके बाद से ही कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं । पूरे मामले सीएम योगी ने जांच के आदेश दिए हैं, वहीं अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने भी अखिलेश पर हमला बोला है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी और माफिया एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं। कोडीन कफ सिरप के पीछे जो भी दोषी होगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस और ईडी की जांच चल रही है, अखिलेश यादव किसी को नहीं बचा सकते हैं। कफ सिरप मामले में बीजेपी लगातार समाजवादी पार्टी पर हमलावर है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोपियों की तस्वीरें कई नेताओं के साथ सामने आ चुकी हैं। इस मामले में लगातार एक्शन भी लिया जा रहा है।

# हिजाब मामला: सीएम नीतीश को पश्चाताप करना चाहिए: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का डाक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब खींचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विवाद को खत्म करने और पश्चाताप करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि खासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण, विवाद का रूप लेकर यह लगातार तूल पकड़ता ही जा रहा है, जो दुखद व दुभाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह मामला पहली नजर में ही महिला सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा होने के कारण माननीय मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से अब तक सुलझ जाना चाहिये था। मायावती ने कहा कि खासकर तब जब कई जगहों पर ऐसी अन्य वारदातें भी सुनने को मिल रही हैं। अच्छा होगा कि मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखते हुए इसके लिए पश्चाताप कर लें और कड़वा होते जा रहे इस विवाद को यहीं पर खत्म करने का प्रयास करें। बसपा सुप्रीमो ने उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला पुलिस की तरफ से एक कथावाचक को सलामी दिए जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस परेड में स्थापित परम्परा और नियमों से हटकर एक कथावाचक को सलामी देने का मामला भी काफी बड़े विवाद में है, इसको लेकर सरकार कठघरे में है।



■ विधानसभा सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के विवाद के बीच उलझा



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# सम्भल में चार हैवानों को उम्रकैद

## मासूम बेटी के सामने मां के साथ की थी दरिंदगी, शव जलाया था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** यूपी के सम्भल जिले की अदालत ने चार हैवानों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन्होंने 7 साल पहले एक मासूम बच्ची के सामने उसकी मां के साथ गैंगरेप किया था। वारदात के बाद महिला के शव को हवन कुंड में डालकर जला दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे बहुत ही शर्मनाक और अमानवीय बताते हुए चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला सम्भल के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 25 साल की विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। उसके पति दिल्ली में मजदूरी करते थे। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि 13 जुलाई 2018 की रात महावीर, कुंवरपाल, जयवीर और एक नाबालिग लड़के ने महिला के घर में जबरन घुसकर गैंगरेप किया। इस दौरान इस महिला की 7 साल की बच्ची चीखती-चिल्लाती रह गई।

जब दोषियों ने महिला को हवनकुंड में डाल दिया, तो बच्ची बेहोश हो गई थी। कुछ देर बाद बच्ची को होश आया, तो उसने अपने ममेरे भाई को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे ममेरे भाई ने बच्ची के साथ थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही उसके कपड़ों पर गिरे सीमन की डीएनए जांच कराई। इससे आरोपियों की पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इस मामले में सभी जरूरी साक्ष्य एंव गवाहों को जुटाकर मजबूत चार्जशीट तैयार की थी। अदालत में मामले की सुनवाई 7 साल तक चली। इस दौरान विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अवधेश कुमार की कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 1 लाख 12 जुर्माना भी लगाया है, हालांकि मृतका के परिजनों ने कोर्ट में सभी दोषियों के लिए फांसी की मांग की थी। कोर्ट ने अपने फैसले में जुर्माने की रकम में से 2 लाख रुपए पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया है।

■ सात साल बाद बेटी को मिला इंसाफ

# शांति विधेयक में जल्दबाजी परमाणु दायित्व पर अमेरिकी दबाव का परिणाम: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र में परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले शांति विधेयक को पारित करने को परमाणु दायित्व से संबंधित नियमों पर अमेरिकी दबाव से जुड़ा करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के एक हिस्से में भारत का जिक्र है जिसमें परमाणु दायित्व नियमों पर अमेरिका और भारत के बीच संयुक्त मूल्यांकन का उल्लेख किया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शांति विधेयक को लेकर सरकार की जल्दबाजी समझ आ गई है कि यह शांति विधेयक वास्तव में 'ट्रम्प विधेयक' है जिसमें रिएक्टर उपयोग और प्रबंधन वादा अधिनियम है, इस कानून का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करना है। उनका कहना था कि संसद में इसी सप्ताह पारित शांति विधेयक, परमाणु क्षति में नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 के प्रमुख प्रावधानों को कमजोर करता है, जिससे सुरक्षा और दायित्व पर चिंताएं पैदा होती हैं। विपक्षी दलों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इस विधेयक प्रावधान सुरक्षा से समझौता करने वाले हैं और निजी कंपनियों को लाभ पहुंच. ाने वाला है। उनका कहना था कि खासकर छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के लिए इस विधेयक के प्रावधान यही कहते हैं।

# चावल, चीनी और दालों में रही नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए, जबकि गेहूं की कीमत स्थिर रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 40 रुपये घटकर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर लगभग स्थिर रहा। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल औसतन 93 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 73 रुपये और चना दाल की 57 रुपये घट गई। मूंग दाल में 45 रुपये और उड़द दाल में 38 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 41 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत में तीन रुपये की वृद्धि हुई। सरसों तेल के दाम लगभग स्थिर रहे। मूंगफली तेल 75 रुपये और वनस्पति 43 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7778.81 रुपये, मसूर काली 8098.20 रुपये, मूंग दाल 10077.20 रुपये, उड़द दाल 10331.02 रुपये, तुअर दाल 10474.97 रुपये प्रति क्विंटल । अनाज : गेहूं दड़ा 2858.33 रुपये और चावल 3826.69 रुपये प्रति क्विंटल । आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल । चीनी.गुड़ : चीनी एस 4318.80 रुपये और गुड़ 4999.87 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17648.52 रुपये, मूंगफली तेल 17687.78 रुपये, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपये, सोया तेल 13770.86 रुपये, पाम ऑयल 12486.45 रुपये और वनस्पति 14454.29 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मोदी का...** शिकार हुए हैं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। जो घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की वह कामना करते हैं। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि नादिया वो भूमि है, जहां करुणा और भक्ति के स्वरूप चैतन्य प्रभु प्रकट हुए। पश्चिम बंगाल की यह भूमि बंकिम बाबू की भूमि है। ऋषि बंकिम ने वंदेमातरम के जरिये नई चेतना प्रकट की। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की लक्ष्य की प्राप्ति में केंद्र सरकार हर देशवासी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। सरकार ऐसी नीति बना रही है कि हर भाई-बहनों का सामर्थ्य बढ़े। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को दो बड़े हाई-वे प्रोजेक्ट मिले हैं। इससे इस क्षेत्र की कोलकाता और सिलीगुड़ी की कनेक्टिविटी बेहतर होने वाली है। मउन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

**मनरेगा के लिए...** 20 साल पहले डा. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक़ दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिये महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू से ही इस योजना को महत्व नहीं दे रही है और पिछले 11 साल में उसने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। अफसोस इस बात का है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। इस योजना से न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरूप भी बिना विचार-विमर्श, बिना किसी से सलाह-मशवरा और विपक्ष को विश्वास में लिए बिना मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। बीस साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।

# यूपी के 21 जिलों में कोहरे और ठंड का रेड अलर्ट, बढ़ेगी सर्दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्य कड़ाके की ठंड का कहर झेल रहे हैं, लोग ठंड से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय अपना रहे हैं। इसी बीच मौसम विभाग की तरफ से उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में घने कोहरे और ठंड को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी से साफ जाहिर है कि आने वाले दिनों अभी और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। प्रदेश के 21 जिलों में जबरदस्त ठंड की चेतावनी जारी की गई है। वहीं कोहरे से कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, आजमगढ़, बहराइच, श्रावस्ती, कानपुर देहात के अलावा फतेहपुर, कौशांबी और प्रयागराज में घना कोहरा होने की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अगले पांच दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और कहीं- कहीं हल्के से मध्यम कोहरा होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी के कुछ स्थानों घना से अत्यंत घना कोहरा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2 दिन तक अधिकतम तापमान राज्य में दिन के समय में बड़े उतार-चढ़ाव की संभावना है और अधिकतम तापमान, सामान्य तापमान से नीचे रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में अगले 4-5 दिनों में धीरे-धीरे लगभग 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

### प्रयागराज में अतीक की कुर्क जमीन को बेचने के प्रयास में भूमाफिया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे गैंगस्टर की धारा में कुर्क की गई माफिया अतीक अहमद घे घ्मीन को भूमाफिया प्लाटिंग कर बेचने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि माफिया अतीक अहमद डी अपराध से अर्जित घ्मीनो घे गैंगस्टर डी धारा मे कुर्क किया गया था। अब भू माफिया उसी घे बेचने से भी पीछे नही हट रहें। एयरपोर्ट इलाके के सिलना भिटी मे गैंगस्टर मे कुर्क करोघें घे घ्मीन पर अब न तो कुर्की का बोर्ड हैं और न ही कोई ऐसी पहचान कि जिससे पता चले घि ये घ्मीन कुर्क की गई हैं। मामला घ्ब सुर्खियों मे आया तो पुलिस ने खुद वादी बन अंचला इंघ्र टेक कम्पनी के डायरेक्टर केशव सिंह और बेली निवासी खुशनुमा के खिलाफ एयरपोर्ट थाने मे शुक्रवार की देर शाम मुकदमा दर्ज कराया हैं। एफआईआर मे साफ साफ लिखा हैं कि लाभ कमाने के लिए इन लोगो नें कुर्क घ्मीन पर प्लाटिंग कर डाली, खास बात यह है कि केशव सिंह अतीक अहमद का करीबी हैं,और कुर्क घ्मीन के इस खेल मे अतीक से जुघ्े कई और लोग भी शामिल हैं।

### हिजाब विवाद: देश में मुसलमान होना गुनाह: सपा

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मुस्लिम महिला का हिजाब हटाने की कड़ी निंदा की और कहा है कि सीएम ने महिला के साथ जो किया है, वो बेहद गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा नेता ने कहा कि देश में मुसलमान होना गुनाह है, देश में अब मुस्लिम बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है, उन्हें गद्दार बोला जा रहा है, देश से निकालने के लिए बोल रहे हैं। नेता ने कहा कि उन्होंने कभी ये नहीं कहा कि खान मेयर बने, बल्कि ये कहा कि एक अच्छा इंसान मेयर होना चाहिए। अबू आजमी ने कहा कि संसद में भी ईशनिंदा बिल लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बात करेंगे।

# फर्जी दिव्यांग संगठनों पर जमकर बरसे: पाशा



### संगठन की आड़ में गुंडे कर रहे गलत काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने फर्जी दिव्यांग संगठनों की आलोचना करते हुए कहा कि गुंडे व दलाल इन संगठनों की आड़ में अवैध काम कर रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय विकलांग एसो. की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में हुई। बैठक में दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं व गरीब वर्ग की समस्याओं को लेकर मंथन हुआ। दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दिव्यांगजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के सामने रखा। बैठक में बताया गया कि जनपद में फर्जी संगठनों की बाढ़ आई हुई है 10-20 लोग दिव्यांग के नाम से संगठन बनाकर दिव्यांगजनों के साथ ही विधवाओं, बुजुर्गों व गरीब वर्ग के साथ जमकर दलाली करते हैं। उनकी दलाली पर रोक लगाई जाए। दिव्यांगों की कई गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत दिव्यांगों की समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर एक मांग पत्र उप जिलाधिकारी रितु रानी को सौंपा गया। मांग पत्र में विशेष रूप से बिना लाइसेंस के संचालित होटलों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि ऐसे होटल नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित हो रहे हैं। जिससे कानून-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि कुछ गुंडा प्रवृत्ति के लोग विकलांग संगठन की आड़ में अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे लोग फर्जी विकलांग संगठन बनाकर पुलिस प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारियों पर नाजायज दबाव बना रहे हैं। निर्दोष लोगों की जमीनों पर कब्जा करने जैसे कृत्यों में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे विकलांग संगठनों और अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि वास्तविक दिव्यांगों की छवि खराब न हो और कानून का दुरुपयोग रोका जा सके। जिला प्रभारी मास्टर अफजाल ने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रदेश स्तरीय आह्वान पर एक अलग मांग पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम प्रेषित किया गया। जिला अध्यक्ष कार्यकारी रोहित कुमार ने कहा कि संगठन हमेशा दिव्यांगों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ता रहेगा और किसी भी प्रकार की अराजकता या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौहम्मद आजम खान ने कहा कि यदि दिव्यांगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। संगठन की एकजुटता व विकलांगों के हितों की रक्षा का संकल्प लिया गया। बैठक में सुशील कुमार, मास्टर शहजाद, नकुल कुमार, सितारे आलम, इंतजाम, नवाजिश, कालूराम, धर्मेंद्र सिंह, दाऊद खान, पिंकी देवी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निशा चौधरी, काजल देवी, कोमल देवी, सुशीला, कमला देवी, कालूराम, नाजिम मलिक, दिलशाद, फहीम सिंघा वाले, फहीम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कृषि यंत्र चोरी के मामले में नया मोड़



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी किसान जसवन्त सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने अपने घेर में बुधवार को गांव के युवक लोकेंद्र पुत्र विजयपाल को कृषि यंत्रों की चोरी करते हुए रंग हाथों पकड़कर बंधक बनाकर पेड़ से बांध दिया था। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने बंधक को छुड़ाकर पुलिस के हवाले कर दिया था। पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चोरी के आरोप में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज कर दिया था। घटना में उस समय नया मोड़ ले लिया, जब आरोपी की मां राधा पत्नी विजयपाल ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे में बताया कि बीते 18 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे जसवंत पुत्र नत्थू भोला पुत्र नामालूम ने उसके पुत्र लोकेंद्र को रस्सी द्वारा पेड़ से बांधकर मारा पीटा गया, जिसको गांव के लोगों ने छुड़ाया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मु.अ.सं. 0361/25 में जसवंत पुत्र नत्थू, भोले पुत्र ना मालूम सहित एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बीएनएस की धारा 127(2), 115(2), 351(3) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### गौकशी का आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** पुलिस ने गौकशी के आरोपी मौहम्मद जमशेद पुत्र शरीफ निवासी कुरैशियान मस्जिद के पास, मौहल्ला पठानपुरा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार बरामद किए गए है। लगभग 15-16 दिन पूर्व उन्होंने ग्राम खेड़ा के जंगल में दो गौवंशीय पशुओं का वध किया था। जिनकी खाल को प्लास्टिक के कट्टे में भरकर उसने व अभियुक्त शालू ने गागन नदी के पुल के नीचे फेंक दिया गया था। जबकि मांस को अभियुक्त महताब कुरैशी, अभियुक्त मगरूब उर्फ दुग्गी एवं अभियुक्त शहजाद उर्फ मैगी वाहन में रखकर ले गए थे। अभियुक्त मौहम्मद जमशेद द्वारा शादी-विवाह में भी गौमांस को भैंस का मांस बताकर बेचे जाने की बात स्वीकार की गई है तथा बताया गया कि आज भी वह किसी आवारा गौवंशीय पशु को पकडकर काटने के लिये तलाश कर रहे थे।

### नजीबाबाद में विशाल भंडारा

**नजीबाबाद।** बूंदकी रोड पर भगवान श्री गणेश के मंदिर पर हवन पूजन हुआ। विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बता दें कि पिछले कई वर्षों से लगातार 20 दिसंबर को श्री गणेश भगवान के मंदिर पर भंडारा आयोजित किया जाता है।

### समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

**नजीबाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण गोपाल सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनी गई। पुलिस विभाग से संबंधित तीन शिकायतें प्राप्त हुई। कुल 15 शिकायत प्राप्त हुई हैं। राजस्व विभाग से संबंधित दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

## सरकार के पास नहीं कोई काम : काजी जिया



**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिला डॉक्टर का हिजाब उतारने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब सरकारों के पास योजनाओं व स्थानों का नाम बदलने, हिजाब उतारने और विपक्ष को गाली देने के अलावा कोई काम नहीं रहा है। हिजाब प्रकरण से नीतीश की मानसिकता उजागर हुई है तथा यह सिद्ध हो गया है कि इतने उम्रदराज मुख्यमंत्री अभी तक परिपक्व नहीं हुए है। उन्होंने बढ़ती हुई दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने हाईवे तो बहुत शानदार बना दिये, लेकिन रोड पर चलने के मानक तैयार नहीं किये। जिससे लोग नशे की हालत में नई-नई गाड़ियां इतनी अंधाधुंध चला रहे हैं कि अपनी तो जान जा रही है, दूसरे लोगों की भी जान ले रहे हैं। बिजनौर शहर में हर समय हर स्थान पर जाम लगने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके लिए जिला प्रशासन व नगर पालिका को रोड मैप तैयार करना चाहिए, जिससे शहर को जाम से मुक्ति मिल सके।

# होमगार्ड का शव मिलने से हड़कंप

### परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला बड़वान निवासी होमगार्ड का शव आज सुबह केएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान की झाड़ियों में संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार जगदीश सैनी बीती रात करीब आठ बजे अपने मोहल्ला बड़वान स्थित आवास से अपने पुत्र देवेंद्र की ई-रिक्शा लेकर चलाने के लिए निकले थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने पहले आसपास तलाश की, इसके बाद रिश्तेदारों व परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

आज सुबह केएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में जब बच्चे खेलने पहुंचे तो झाड़ियों के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा देखकर वे घबरा गए और इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और 108 एंबुलेंस की सहायता से शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां मृतक की शिनाख्त शेरकोट में तैनात होमगार्ड जगदीश सैनी (58 वर्ष) के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटनास्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे तथा कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण स्वाभाविक प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### होमगार्ड के पुत्र की ई-रिक्शा गुलमोहर के पास से बरामद

**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में मिले होमगार्ड के शव के मामले में पुलिस को दोपहर बाद अहम सफलता हाथ लगी है। मृतक के पुत्र की ई-रिक्शा नगीना मार्ग स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास संदिग्ध अवस्था में बरामद कर ली गई। ई-रिक्शा दोपहर बाद पुलिस को लावारिश मिली, जिसे कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। उधर, मृतक होमगार्ड जगदीश सैनी के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सामान्य बताया गया है। पुलिस के अनुसार शव पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रचलित है।

### महिला शिक्षा सभा के चुनाव को लेकर संशय

**धामपुर।** महिला शिक्षा सभा द्वारा कल (आज) दोपहर 12 बजे कन्या इंटर कॉलेज धामपुर में चुनाव कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। जारी सूचना के अनुसार इस बैठक में संस्था की कार्यकारिणी के विभिन्न पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष एवं सात सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। चुनाव कार्यक्रम की सूचना संस्था की ओर से विधिवत जारी भी की गई है। हालांकि, चुनाव को लेकर स्थिति उस समय उलझती नजर आई जब कॉलेज प्रबंधन से जुड़ी राजनीति सामने आई। वर्तमान में महिला शिक्षा सभा के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता हैं, जबकि कॉलेज प्रबंधन को लेकर दो गुट सक्रिय बताए जा रहे हैं। एक गुट एसबीडी कॉलेज की मैनेजर रेनू गोयल से जुड़ा है, जबकि दूसरा गुट निवर्तमान मैनेजर विजय अग्रवाल का बताया जा रहा है। इन दोनों गुटों के बीच मतभेद के चलते चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिक्षा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आंतरिक खींचतान और विवाद के कारण यह संशय बना हुआ है कि रविवार को होने वाली बैठक हो पाएगी या नहीं।

## नीतीश कुमार को सीएम बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं: जावेद



### भाजपा को तत्काल सरकार से समर्थन वापस लेना चाहिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आसपा के जिला संगठन मंत्री एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी जावेद अली ने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सार्वजनिक मंच से जितनी गंदी हरकत की है, उसके बाद उन्हें सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। अगर उन्हें पाप से डर लगता है, तो तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन की जांच कराई जानी चाहिए। अगर उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है और उन्होंने अपने मानसिक रूप से बीमार होने की वजह से यह हरकत की है, तो उनसे इस्तीफा ले लिया जाना चाहिए। नैतिकतावादी व महिलाओं का सम्मान करने का दावा करने वाली भाजपा को भी तत्काल नीतीश सरकार से समर्थन वापस ले लेना चाहिए। अगर जांच में उनका मानसिक संतुलन ठीक आता है, तो उनके खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए और राज्यपाल को उन्हें तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि नीतीश कुमार को किसी महिला का हिजाब खींचने का अधिकार आखिर किसने दिया है। उन्होंने कहा कि जब एक सीएम इतनी गंदी हरकत करेगा, तो फिर वह अपने कार्यकर्ताओं, डीएम व एसपी से कैसे उम्मीद कर सकता है कि वह महिला विरोधी काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश के राज में बिहार में जंगल राज चल रहा है। उन्हें सत्ता में बने रहने का कतई भी नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनेताओं व अधिकारियों को अपना चरित्र उत्तम रखना चाहिए। आम जनता उनसे बहुत उम्मीद रखती है। अगर राजनेता व अधिकारी ही इतनी गंदी मानसिकता के हो जाएंगे, तो फिर देश नहीं चल पाएगा। ऐसे में कोई भी सरेआम बहन बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने लगेगा। उन्होंने कहा कि नेताओं व अधिकारियों का चरित्र आईने की तरह साफ होना चाहिए। नीतीश कुमार ने सभी नेताओं की गरीमा को ठेस पहुंचाई है और सभ्य समाज उनसे नाराज है।

# वेलफेयर प्रेस क्लब ने बांटे लिहाफ

### कमजोर एवं जरूरतमंदों की सहायता करना संस्था का मुख्य उद्देश्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** वेलफेयर प्रेस क्लब संस्था ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद परिवारों को कड़ाके की ठंड से बचाने के उद्देश्य से लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कालागढ़ मार्ग स्थित कर्णवाल बैंकट हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें नगर सहित दूरदराज क्षेत्रों से आए बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में द्वारकेश शुगर मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक उमेश कुमार बिशेन, बिरला फार्म मैनेजर प्रमोद कुमार अग्रवाल तथा थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेलफेयर प्रेस क्लब के संरक्षक हरिश्चंद्र कर्णवाल तथा संच. ालन अनिल नारायण ने किया। वेलफेयर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों को माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

लिहाफ वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमेश कुमार बिसेन ने अफजलगढ़ वेलफेयर प्रेस क्लब के सरहाना करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को समाज में फैली बुराइयों को उजागर करते हुए तो देखा था परंतु समाज के दुख दर्द में शामिल होते हुए पहली बार देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि "सेवा परमो धर्मः" के सिद्धांत को अपनाकर समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। कड़ाके की ठंड में किया गया यह छोटा सा प्रयास जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां और सुकून लाने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर वेलफेयर क्लब अध्यक्ष विनय भार्गव ने कहा कि वेलफेयर प्रेस क्लब की टीम गरीब, असहाय और परेशान लोगों की सहायता के लिए 24 घंटे तत्पर रहते है। संस्था एक संगठित और सक्रिय टीम के रूप में निरंतर समाज सेवा के कार्यों में जुटी हुई है। वेलफेयर प्रेस क्लब पत्रकार साथी न्याय, सहानुभूति और सहयोग की भावना के साथ लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव प्रयासरत है। संस्था को विश्वास है कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होंगे और सभी के सहयोग से एक बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से द्वारकेश शुगर मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक उमेश कुमार बिशेन, बिरला फार्म मैनेजर प्रमोद कुमार अग्रवाल, थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, संदीप महेश्वरी, विपिन कुमार जैन, अनिल कुमार रस्तोगी, हरिश्चंद्र कर्णवाल, संजू सिंह, हेमराज चौहान, ग्राम प्रधान तेजपाल सिंह, नरेंद्र तिवारी सहित वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष विनय भार्गव, सुनील कुमार, अनिल नारायण, शेख मौहम्मद यूसुफ, अजमल खान, विरेन्द्र अग्रवाल, कोमल कुमार, अनीस अहमद, संगम चौहान, नितिन कौशिक, क्षैतिज रस्तोगी चौहान, नरेश गौतम, अब्दुल बारी, सत्यप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# मंत्रिमंडल विस्तार में बिजनौर की अनदेखी क्यों?

### क्या जनपद के जनादेश को किया जा रहा है नजर अंदाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर प्रदेशभर में राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं, लेकिन इन चर्चाओं के बीच जनपद बिजनौर की स्थिति एक बड़ा और गंभीर प्रश्न खड़ा कर रही है। यह मामला केवल सत्ता संतुलन या राजनीतिक नियुक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उस जनादेश के सम्मान से जुड़ा है जो विधानसभा चुनाव में बिजनौर की जनता ने स्पष्ट रूप से दिया था।

विधानसभा चुनाव में जनपद बिजनौर की आठ सीटों में से चार सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजय मिली। बिजनौर सदर से सूची मौसम चौधरी, नहटौर से ओम कुमार, धामपुर से अशोक राणा और बढ़ापुर से कुंवर सुशांत सिंह ने पार्टी को मजबूत आधार दिया। इसके बावजूद अब तक बिजनौर को प्रदेश मंत्रिमंडल में कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है, जिससे जिले में निराशा और असंतोष की भावना पनप रही है।

स्थिति तब और अधिक असहज प्रतीत होती है जब इसकी तुलना पड़ोसी जनपद मुरादाबाद से की जाती है। मुरादाबाद में कुल छह विधानसभा सीटों में से केवल एक सीट पर भाजपा को सीधी जीत मिली, जबकि एक सीट उपचुनाव के माध्यम से प्राप्त हुई। इसके बावजूद मुरादाबाद से संगठन और सरकार में महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने की चर्चाएं लगातार सामने आ रही हैं। यह तुलना स्वाभाविक रूप से बिजनौर के लोगों के मन में सवाल खड़े कर रही है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह अपेक्षा सामान्य है कि जिस क्षेत्र ने पार्टी को मजबूत जनसमर्थन दिया हो, उसे शासन में समुचित भागीदारी मिले। यदि जनादेश के बावजूद किसी जनपद को लगातार उपेक्षित किया जाता है, तो इसका सीधा प्रभाव जनता के विश्वास पर पड़ता है। यही भावना इस समय बिजनौर में महसूस की जा रही है।

मुरादाबाद से निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को मंत्री बनाए जाने की संभावनाओं की चर्चाए भी बिजनौर में असंतोष का कारण बन रही हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि प्रत्यक्ष चुनावी जीत के बिना बार-बार दायित्व दिए जाने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के मन में असंतुलन की भावना पैदा होती है। इससे संगठनात्मक स्तर पर भी निराशा बढ़ती है।

इन परिस्थितियों में जनपद बिजनौर से वरिष्ठ नेता अशोक कटारिया का नाम स्वाभाविक रूप से चर्चा में आता है। वे एक अनुभवी, सुलझे हुए और जनता के बीच स्वीकार्य नेता माने जाते हैं। उन्होंने कभी पद की सार्वजनिक मांग नहीं की, बल्कि पार्टी द्वारा सौंपे गए प्रत्येक दायित्व को निष्ठा और अनुशासन के साथ निभाया। उनका राजनीतिक जीवन सादगी और जनसेवा का प्रतीक रहा है।

राजनीति में संतुलन केवल जातीय या क्षेत्रीय समीकरणों से नहीं, बल्कि जनसमर्थन, कार्यकुशलता और संगठनात्मक मजबूती से स्थापित होता है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जिन जनपदों ने पार्टी को मजबूत आधार दिया है, उन्हें लगातार नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है।

मंत्रिमंडल विस्तार केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनविश्वास की कसौटी भी होता है। अब निगाहें प्रदेश नेतृत्व के निर्णय पर टिकी हैं कि वह बिजनौर के जनादेश, क्षेत्रीय संतुलन और जनता की भावनाओं को कितनी प्राथमिकता देता है। यदि इस बार भी जनपद को प्रतिनिधित्व नहीं मिला, तो इसका राजनीतिक संदेश दूर तक जाएगा।

# बिहार की पूरी सरकार महिला विरोधी: नासिर



### नीतीश पर नहीं डाला इस्तीफे का दबाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर के पूर्व सपा नगर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी मौहम्मद नासिर अंसारी ने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने जो गंदी हरकत की है, वो पूरी तरह से मानवता के विरूद्ध है। लेकिन गंभीर बात यह है कि इसके विरोध में बिहार सरकार के किसी मंत्री ने भी इस्तीफा नहीं दिया है। जिससे साफ जाहिर है कि बिहार की पूरी सरकार महिला विरोधी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा नेता मौहम्मद नासिर अंसारी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार की गंदी हरकत की निंदा करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं की खामोशी से जाहिर होता है कि वह भी महिला विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि राशन व रुपए बांट कर महिलाओं की झूठी हमदर्दी साबित करने वाले भाजपाइयों को तत्काल नीतीश सरकार से समर्थन वापस ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति को सीएम बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस सीएम पर बहन बेटियों की सुरक्षा का जिम्मा होता है, जब वह खुद ही ऐसी हरकत कर रहा है, तो उसे कुर्सी पर बैठने का कोई अधिकार नहीं है और उसकी सरकार में महिलाओं के साथ क्या होता होगा, यह भी पूरी तरह से जगजाहिर है।

## एक नजर

### डा. परिधि अग्रवाल को सर्जन की उपाधि



**धामपुर।** नगर की होनहार बेटी डा. परिधि अग्रवाल ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ते हुए मेरठ स्थित लाला लाजपत राय गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एम.एस. (गाइनेकोलॉजी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर गाइनेकोलॉजिस्ट सर्जन की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. परिधि अग्रवाल नगर के प्रमुख समाजसेवी व व्यापारी अजय कुमार (पिंटू) एवं नमीता अग्रवाल की सुपुत्री हैं। बचपन से ही मेधावी रही परिधि ने दिल्ली के डीपीएस आर.के. पुरम से 12वीं की शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने एम्स ऋषिकेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। एमबीबीएस के बाद डॉ. परिधि ने नीट (पीजी) परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज, मेरठ में एम.एस. (गाइनेकोलॉजी) में प्रवेश लिया, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक पूर्ण किया। गाइनेकोलॉजिस्ट सर्जन बनने पर डॉ. परिधि अग्रवाल ने कहा कि उनका लक्ष्य मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है और वे अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित रखेंगी।

### गरीबों को वितरित किए लिहाफ



**अफजलगढ़।** मौहल्ला नायक सराय स्थित पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन के आवास पर नेशनल एकता संगठन की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए 200 लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगठन के उत्तराखंड प्रभारी सलीम मलिक सहित अन्य पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। लिहाफ वितरण के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे उपस्थित रहे। नेशनल परिवार एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील ने कहा कि हमारे संगठन की ओर हर वर्ष लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने अपने सभी पदाधिकारी से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी शुऐब कुरैशी ने किया। इस अवसर पर संगठन के उत्तराखंड प्रभारी सलीम मलिक, बिजनौर जिला अध्यक्ष प्रधान रिजवान अहमद, मुरादाबाद संगठन के जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद, जसपुर नगर अध्यक्ष ऐश्वर्या खान, बिजनौर अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबीता रूहेला, मंडल मुरादाबाद महासचिव नदीम इदरीसी, शेख इस्लामुद्दीन नेता, पत्रकार एमएस असलम, पत्रकार अमानत हुसैन, पत्रकार इशरत अली, पत्रकार अब्दुल सलाम, पत्रकार सुनील कुमार उर्फ सनी, पत्रकार विपिन कुमार, दिलशाद अहमद, उत्तराखंड से नितिन शर्मा, शोबुल, सलमान अहमद, जावेद अहमद, मौहम्मद नवेद, अरमान अहमद, हरी ओम तथा शान मलिक आदि उपस्थित रहे।

### दूल्हे की गाड़ी के नीचे आकर बच्चे घायल



**नांगल सोती।** ग्राम जीतपुर निवासी रईस अहमद की लड़की की गांव सैदपुरी स्थित बॉम्बे बैंकट हॉल में शादी थी। बारात गांव नवादा से आई थी। दुल्हन की विदाई के समय गांव के बच्चे गाड़ी के सामने खड़े थे। अचानक ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा, जिससे गाड़ी ड्राइवर के काबू से बहार हो गई और सामने खड़े बच्चों पर चढ़ गई, जिससे पांच बच्चे घायल हो गए। सभी का इलाज चल रहा है।

## नीतीश कुमार की जहनियत बिल्कुल गंदी : इरफान मंसूरी



### बढ़ रही जहरीले नेताओं की संख्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शायद दिमागी तवाजुन बिगड़ गया है।

मौहम्मद इरफान मंसूरी ने कहा कि नीतीश पहले भी विधानसभा में महिलाओं के प्रति अपनी गंदी जहनियत को उजागर कर चुके थे और अब तो उन्होंने एक सार्वजनिक प्रोग्राम में एक महिला डॉक्टर का हिजाब हटा कर अपनी गंदी जहनियत को दर्शा दिया, जो कि निंदनीय है। इसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। क्योंकि वह एक संवैधानिक पद पर मौजूद है। उन्होंने अपने पद की गरिमा को बरकरार नहीं रखा है। इरफान मंसूरी ने कहा कि प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मंत्री का जो बयान हिजाब प्रकरण में आया है, वो भी निंदनीय है। मंत्री को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। मौहम्मद इरफान मंसूरी ने कहा कि संजय निषाद को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए और महिलाओं का सम्मान दिल से करना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज कल जहरीले नेता ज्यादा दिखाई दे रहे है।

# कोडीन युक्त दवाओं के अवैध कारोबार में तीन आरोपी गिरफ्तार

## डीआई ने कराई थी दवा कारोबारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने कोडीन युक्त दवा के गैर-चिकित्सकीय उपयोग और अवैध बिक्री के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया है। पुलिस कार्रवाई से दवा कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 23 नवंबर को औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उमेश कुमार भारती ने शहर कोतवाली में अरुण कुमार और शिवाशु सिंह द्वारा कोडीन युक्त दवाओं का गैर-चिकित्सकीय प्रयोजन के लिए दुरुपयोग व बिक्री करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान रेसब पुत्र पवन का नाम भी प्रकाश में आया।

शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए आरा. पी अरुण कुमार पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम मंगोलपुरा रूपचंद, शिवाशु सिंह पुत्र हरमेन्द्र सिंह निवासी साहित्य विहार, बालाजी मंदिर के निकट एवं रेसब पुत्र पवन निवासी ग्राम मंगोलपुरा, थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन दवा कारोबारियों का चालान कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के दवा कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने बताया कि तीनों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# नगीना में बच्चों की उच्च शिक्षा को लेकर वाल्मीकि समाज ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** वाल्मीकि बस्ती में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें समाज की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

वाल्मीकि समाज की आवश्यक बैठक देर शाम वाल्मीकि बस्ती शिव चौक पर पूर्व प्रधान महेश उर्फ दारा की अध्यक्षता में व अभिनव वाल्मीकि एड. के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में समाज में पनप रही कुरीतियों को त्यागने और बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कंप्यूटर के युग में अशिक्षित समाज तरक्की की राह पर नहीं चल सकता। इसलिए बच्चों को शिक्षित करना जरूरी हो गया है। बैठक में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव के मौके पर निकाली गई शोभा यात्रा व अन्य कार्यक्रमों के लिए आय - व्यय का ब्यौरा वाल्मीकि जयंती समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार व कोषाध्यक्ष सूरज कुमार ने अपनी टीम के साथ प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने स्वीकार करते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए कमेटी और पुलिस प्रशासन तथा वाल्मीकि जयंती में सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया और यह भी तय किया गया कि आगामी वाल्मीकि जयंती पर्व के मौके पर शोभा यात्रा में रोड शो की झांकियां शामिल नहीं की जाएगी। शोभायात्रा में देवी देवताओं को नचाना उनका ही नहीं सनातन समाज का भी घोर अपमान है।

बैठक को संदीप वाल्मीकि, सभासद कपिल पवार, मनोज वाल्मीकि, सुरेश चंद, सुंदर सिंह, राजा वाल्मीकि, अश्वनी कुमार, मुकेश वाल्मीकि, रोहित भगत, गोविंदा कुमार, बिट्टू कुमार, अनिल कुमार उर्फ बब्बू, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, बॉबी कुमार, मोहित कुमार, आकाश कुमार, विक्की कुमार, रूपेश कुमार, मनजीत कुमार, श्याम कुमार, आदि ने अपने-अपने विचार रखे और सभी प्रस्तावों का समर्थन किया।

## एक नजर

### जीवनपुरी के ग्रामीणों को किया जागरूक



**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में, रेडियो संदेश बिजनौर (स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) की टीम द्वारा जीवनपुरी ग्राम मे संजीव शर्मा के निवास पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सेहत सही-लाभ कई' विषय के अंतर्गत 'छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या' एवं उनके लिए उचित भोजन, फलाहार, आयरन, कैल्शियम का महत्व तथा शिशु जन्म के बाद माँ एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम सदस्य मनोज यादव ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफ-सफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दी तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, डॉ. शबनम कुरैशी, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी एवं अन्य ग्रामवासी सुधीर शर्मा, आदित्य चौधरी, यश कुमार, दिव्यांशु शर्मा, सुमित शर्मा और अभि कुमार आदि सम्मानित गण उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान



**धामपुर।** विकास खण्ड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत बरखेड़ा टांडा, नवादा केशो, तीबडी, साहनपुर नवादा,जित्तनपुर ,अल्हैपुर चकराजमल, सलेम सराय,आदि पंचायतों में शुक्रवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत में नालियों व मार्गों, झाड़ी कटाई, की जेसीबी मशीन व सफाई कर्मियों से सफाई कराई गई। सफाई कार्य ग्राम पंचायत सचिव हिमांशु चौहान, सहदेव, कृपाल सिंह, सौरभ कुमार, अंकुश कुमार की निगरानी में हुआ। नाली व नालों में जमा कचरा, मिट्टी और गंदगी के कारण ग्रामवासियों को दुर्गंध, मच्छरों के प्रकोप और जल-जमाव जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसी को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से भारी मात्रा में कचरा और जमी हुई मिट्टी निकाली गई। इससे नाले में पानी के बहाव का मार्ग साफ हो गया। सचिवों ने पूरे अभियान की निगरानी की और सुनिश्चित किया कि नाले की सफाई पूरी तरह से हो। सफाई अभियान के दौरान ग्राम प्रधानों ने भी सक्रिय सहयोग किया। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान के निर्देश ओर खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद व एडीओ पंचायत अनिल कुमार के मार्गदर्शन में पंचायत सचिव गांव -गांव पहुंचकर सफाई अभियान चला रहे हैं।

# सोनी मलिक ने जीता रजत पदक

## प्रयागराज में आयोजित कैनोइंग प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर स्थित डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु मंदिर की कक्षा दसवीं की छात्रा सोनी मलिक ने प्रयागराज में आयोजित कैनोइंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने गांव और जनपद का नाम भी गौरवान्वित किया है।

ग्राम अम्हेड़ा निवासी तसलीम मलिक की पुत्री सोनी मलिक पिछले लगभग दो वर्षों से ग्राम स्थित सरदार भगत सिंह अमृत सरोवर में कैनोइंग का नियमित प्रशिक्षण ले रही थीं। उनकी मेहनत और अनुशासन का परिणाम 13 दिसंबर को प्रयागराज में आयोजित 'अस्मिता लीग खेलो इंडिया' के अंतर्गत हुई कैनोइंग प्रतियोगिता में देखने को मिला, जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

सोनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिसर और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रा के घर लौटने पर परिजनों व ग्रामीणों ने मिठाइयां खिलाकर और उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर सोनी मलिक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच फिरोज खान तथा अपने परिजनों को दिया।

सोनी की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सोनी मलिक की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और खेलों के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाएगी।

# कोहरे में विद्युत ब्रेकडाउन होने पर सोलर लाइटे रोक रहीं हादसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कोहरे के कारण सड़क हादसों को रोकने के लिए नगर पालि. का प्रशासन ने फैसला लिया है कि पालिका क्षेत्र में सोलर लाइटों के माध्यम से प्रकाश की व्यवस्था निर्बाध की जाय। संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सभी कोहरे से प्रभावित इलाकों में आवश्यकतानुसार सोलर लाइटें बढ़ाई जाएं और विशेष रूप से विद्युत विभाग द्वारा कोहरे के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद होने पर सभी सोलर लाइटें चालू रखी जाएं ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। नगर पालिका में लाइट लाइन व्यवस्था का टेक्निकल कार्य देख रहे साइट कर्मी नईम अहमद ने बताया की नगर के मुख्य मार्ग पर सोलर लाइटों की व्यवस्था युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है और शीघ्र ही शेष कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा।

# पुलिस की साइबर क्राइम जागरूकता मुहिम

## ग्रामीणों को डिजिटल ठगी से बचाने का अनोखा प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** पुलिस की साइबर टीम ने क्षेत्र में साइबर अपराधों से बचाव के लिए एक सराहनीय अभियान चलाया।

टीम ने थाने की सरकारी जीप पर एलईडी टीवी लगाकर ग्राम दयालवाला, शिमला नई बस्ती सहित कई अन्य जगहों पर पहुंचकर शॉर्ट वीडियोज के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। इस दौरान पंपलेट बांटे गए और मौखिक रूप से क्षेत्रवासियों को साइबर ठगी के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपाय बताए गए। साइबर टीम में एसआई आदेश कुमार, मिशन शक्ति प्रभारी श्रीमती प्रेरणा यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर मोनू, महिला हेड कांस्टेबल रीता तोमर, आरक्षी सुमित पंवार तथा आरक्षी नीरज कुमार शामिल रहे। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने से थाना क्षेत्र में साइबर क्राइम के मामलों में काफी हद तक कमी आई है। साइबर टीम द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश:कोई भी अनाधिकृत (Unauthorized) ऐप्लिकेशन अपने फोन में इंस्टॉल न करें। किसी भी अज्ञात (Unknown) लिंक को ओपन न करें। अपनी बैंक खाते से संबंधित कोई जानकारी (जैसे OTP, PIN) किसी के साथ साझा न करें। अपना आधार कार्ड या पैन कार्ड की डिटेल्स किसी को न दें। यदि कोई अज्ञात नंबर से रिश्तेदार बनकर पैसे मांगे, तो बिना जांच किए पैसे न भेजें। यदि गलती से भी खाते से पैसे कट जाएं या साइबर फ्रॉड हो जाए, तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

ऐसे जागरूकता अभियान डिजिटल युग में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस की यह पहल न केवल लोगों को सुरक्षित रख रही है, बल्कि अपराधियों पर भी नकेल कसने में मददगार साबित हो रही है।

# कोहरे के कारण कार खंभे से टकराई

**बिजनौर।** स्योहारा में घना कोहरा एक हादसे का कारण बना। बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर सहसपुर देहात गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इस घटना में कार सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए और एक बड़ा हादसा टल गया। रामपुर जिले के अजीम नगर थाना क्षेत्र के खौड़ गांव निवासी जसपाल पुत्र राम सिंह अपने परिवार के साथ हरिद्वार से अस्थियां विसर्जित कर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार सहसपुर देहात पहुंची, घने कोहरे के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और कार खंभे से जा टकराई। टक्कर के बाद कार में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। सहसपुर चौकी पर तैनात सिपाही रोहित खतियान ने सभी यात्रियों को सुरक्षित कार से बाहर निकाला। पुलिस ने गाड़ी को ठीक कराने में मदद की और सभी यात्रियों को उनके घर भेज दिया गया। हाल ही में, पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने जनता से कोहरे में धीमी गति से वाहन चलाने, सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करने की अपील की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने भी आज जनता से अपील करते हुए कहा कि घने कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें, क्योंकि जीवन की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।


## संबंध विच्छेद सूचना

हम अपने भाई मोहम्मद फहीम से गलत संगति के कारण संबंध विच्छेद करते हैं। हमारे साथ भी वह अभद्र व्यवहार करता है। उसके किसी भी कृत्य का हमसे कोई लेना-देना नहीं है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अल्ताफ अहमद, आफाक अहमद, नसीम अहमद, फरीद अहमद, वसीम अहमद पुत्रगण मोहम्मद फारूक निवासीगण मोहल्ला मंगू चर्खी, कस्बा व थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सचिन मिश्रा गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। उसके आचरण व व्यवहार से व्यथित होकर मैंने उससे पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**दिनेश कुमार मिश्रा पुत्र सोमदत्त ग्राम जहांगीरपुर खास उर्फ हैजरपुर, थाना नगीना देहात (बिजनौर)**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक-1436/ न.पा.परि.नह./2025-26 — दिनांक: 19.12.2025

### -: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-925/नौ-9-2025-ई-1853098 दिनांक 09 मई 2025 'नगर निगम (निर्धारण सूची में संशोधन ओर परिवर्तन) मानक उपविधि, 2025 एवं नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) मानक उपविधि 2025 लागू किये जाने के संबंध में है।' के अनुक्रम में नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर की बोर्ड बैठक दिनांक 10.10.2025 के एजेण्डा सं. 09 द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के संबंध में नगर पालिका कार्यालय पत्र सं. 1217/न.पा.परि.नह./2025-26 दिनांक 10.10.2025 के द्वारा समाचार पत्र हिन्दुस्तान व शाह टाइम्स में विज्ञप्ति प्रकाशित कर आपत्ति प्राप्त की गयी थी। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। अत: आमजन की सुविधा के दृष्टिगत कर निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन उपविधि का अन्तिम प्रकाशन किया जा रहा है। जो निम्नवत है:-

**नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर ग्रहकर निर्धारण सूची में संशोधन एवं परिवर्तन मानक उपविधि-2025**

उक्त उपविधि 2025 में निर्धारण सूची में संशोधन/परिवर्तन हेतु प्रभार की दरें निम्न प्रकार अंकित है:-

(1)जहां कर निर्धारण सूची के संशोधन और परिवर्तन हेतु आवेदन नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद को प्रस्तुत किया जाय वहां आवेदक से प्रभार इस उपविधि के अनुसार उद्गृहीत किया जाएगा। प्रभारों की दरें निम्नवत् होगी-

(क) किसी विधिक उत्तराधिकारी या रजिस्ट्रीकृत वसीयत के मामले में प्रभार की दरें निम्नवत् होगी-

| क्र.सं. | सम्पत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | प्रभार की धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 1000 तक | 500/- |
| 2 | 1001-2000 तक | 1000/- |
| 3 | 2001-3000 तक | 2000/- |
| 4 | 3000 से अधिक | 2500/- |

(ख) नियम-3 के उपनियम (3) के अधीन अन्य सभी मामलों में प्रभारों की दर जिलाधिकारी द्वारा नियत सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि, जो भी अधिक हो, के आधार पर निम्नवत होगी-

| क्र.सं. | सम्पत्ति का मूल्य | प्रभार की धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | रु. 5 लाख तक | 500/- |
| 2 | रु. 5 लाख रु. 10 लाख तक | 1000/- |
| 3 | रु. 10 लाख रु. 15 लाख तक | 1500/- |
| 4 | रु. 15 लाख रु. 50 लाख तक | 2500/- |
| 5 | रु. 50 लाख से ऊपर | 5000/- |

अत: उपरोक्तानुसार प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-925/नौ-9-2025 ई-1853098 दिनांक-09 मई, 2025 नगर पालिका की ऑफिशियल वेबसाईट www.nppnehtaur.in पर भी उपलब्ध है, में प्रकाशित अन्य शर्तें/नियम यथावत रहेंगे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**माननीय न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 205/2025

कंचन रानी पुत्री स्व. राजेश सिंह पत्नी सुजीत कुमार निवासी ग्राम सैदपुरी महीचन्द, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर **-प्रार्थी**

**बनाम**

1-मीरा चौहान उम्र करीब 37 वर्ष पुत्री स्व. राजेश सिंह पत्नी स्व. योगेश कुमार निवासी इस्लामनगर बनियोवाला, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 2- रूपा रानी उम्र करीब 32 वर्ष पुत्री स्व. राजेश सिंह पत्नी विशाल कुमार निवासी ग्राम मवाडावरा जसपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड 3- सोना उम्र करीब 28 वर्ष पुत्री स्व. राजेश सिंह पत्नी रितिक कुमार निवासी ग्राम सैदपुरी महीचन्द, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर। 4- बाला देवी उम्र करीब 59 वर्ष पुत्री स्व. राजेश सिंह पत्नी स्व. अमर सिंह निवासी ग्राम पुरुषोत्तमपुर, साहनपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर। **-प्रतिपक्षीगण**

दरख्वास्त मुसम्मा प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जी व किफायत हाय यापदानी मुसम्मा कंचन रानी, मुसखफा राजेश सिंह अपने मुजिब एक्ट 7 सन 1978 ई. वक्त 4,20,000 रुपए + बोनस मय बयाज हरगाह मुसम्मा कंचन रानी ने दरख्वास्त हुसुलपार्टी गुजारी हुसुल है इ. तारीख 23-12-2025 सन 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इस्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वस्त दरख्वास्त कंचन रानी के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत नगीना मुकाम 23-12-2025 में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे, दर सुरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न जाये और हुकम मुनासिर निशब्त मजकूर दरखई के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 23-12-2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना (बिजनौर)**


**शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है**


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 01 के सम्पत्ति संख्या 11/01 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में श्री विवेक बंसल पुत्र नरेन्द्र कुमार बंसल के नाम दर्ज है। अत: श्री विवेक बंसल पुत्र नरेन्द्र कुमार बंसल का नाम निरस्त कर श्रीमती वर्षा रानी पत्नी पवन कुमार का नाम दर्ज किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**


## खोया पाया सूचना

मैंने साईं इंस्टीट्यूट ऑफ पेरामेडिकल एंड एलाईड साइंसेस देहरादून से वर्ष 2020 में बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी की डिग्री प्राप्त की है, जो डिग्री वास्तव में खो गई है।

**मौहम्मद अजहर पुत्र अनीस अहमद, मौहल्ला सैयदवाड़ा, कस्बा व थाना नगीना, जिला बिजनौर**


**कार्यालय ग्राम पंचायत बमनौला, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2025-2026

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत बमनौला में मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 29/12/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 27/12/2025 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा निविदा की शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** — **ग्राम पंचायत सचिव**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 1435/न.पा.परि.नह./2025-26 — दिनांक:-19.12.2025

### आवश्यक सूचना

नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अन्तर्गत सिटी सॉलिड वेस्ट एक्शन प्लान (CSWAP) में लिगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु डी.पी. आर. बनाया जाना है, जिसके लिए RCUES से सम्बद्ध अधिकृत फर्म/ व्यक्तियों, समूहों को सूचित किया जाता है कि सम्बंधित डी.पी.आर. तैयार करने हेतु दिनांक 03.01.2026 को समय दोपहर 02:00 बजे तक अपनी-अपनी दरें नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर की ई-मेल eo.nehtaur@gmail.com पर व पंजीकृत डाक एवं स्वयं नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यूनतम आधार पर इच्छुक फर्मों में से चयन किया जायेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात ई-मेल स्वीकार नहीं किया जायेगा। कोई भी प्रतिबन्धित दर स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

# गंगा खादर के जमीनी विवाद ने पकड़ा तूल

## भूमाफिया से लाखों की वसूली कर रहा है वन विभाग: चौधरी दिगम्बर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गंगा खादर क्षेत्र में चल रहे जमीनी विवाद ने तूल पकड़ लिया। फसल की जुताई करने पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों का किसानों ने घेराव किया। किसानों ने वन विभाग पर माफियाओं से हमसाज होकर राशिद उर्फ भूरे के साथ मारपीट कराने का आरोप लगाया।

राजगढ़ रेंज के अंतर्गत नांगल सोती के गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। वन विभाग की सैकड़ों बीघा भूमि पर कुछ किसानों ने फसल बो रखी है, जिसकी शिकायत नांगल सोती निवासी राशिद ने उच्च अधिकारियों से की थी। बृहस्पतिवार को वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में राशिद व शांति पक्ष में मारपीट हो गई थी। शांति की ओर से राशिद व एक अन्य के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। शनिवार को रेंजर विजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम फसल की जुताई करने खादर क्षेत्र पहुंची। टीम की भनक लगते ही भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, कुलबीर सिंह, विजय सिंह, राजवीर काकरान, अर्पण चौधरी, के नेतृत्व में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप था कि राशिद के शाथ वन विभाग के अधिकारियों ने खादर में बुलाकर माफियाओं से मारपीट कराई है और पुलिस को गुमराह कर उल्टे उसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। किसानों का आरोप है कि अधिकारी फसल जुताई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं और रात्रि में माफियाओं को गन्ना भरवाकर बिकवा रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। इसके साथ ही दिगम्बर सिंह ने कहा कि माफियाओं का इलाज होगा। साथ ही गंगा खादर के किसानों को उनकी भूमि पर उनका हक दिलाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग माफिया को फसल बोया कर लाखों की वसूली कर रहा है। इसके साथ ही वन विभाग किसानों का शोषण करने से बाज नहीं आ रहा है।





### रेंजर को नहीं पता वन विभाग की कितनी भूमि पर है कब्जा

**नांगल सोती।** राजगढ़ रेंज के रेंजर विजेंद्र प्रताप सिंह से जब किसानों ने पूछा की वन विभाग की कितनी भूमि पर अवैध कब्जा है तो रेंजर जवाब नहीं दे सके। रेंजर ने बताया कि उन्हें मालूम नहीं है की कितनी भूमि पर अवैध कब्जा है, जिस पर किसान भड़क गए और अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली।

# एलईडी के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

**कोतवाली देहात।** थाना पुलिस द्वारा साइबर क्राइम रोकने के उद्देश्य से कस्बे में दो स्थानों पर एलईडी लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस द्वारा गाड़ी पर मोबाइल एलईडी लगाकर गांव-गांव लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में जागरूक किया जाएगा। शनिवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा नजीबाबाद तिराहा व नहटौर तिराहे पर एलईडी लगाई गई। एलइडी में साइबर फ्रॉड से बचाव की वीडियो प्रसारित की गई। व्यस्त तिराहों पर लगाई गई एलईडी से लोग सीधे जुड़ेंगे तथा साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक होंगे। कोतवाली देहात पुलिस की एक गाड़ी पर मोबाइल एलईडी लगाई गई है। यह गाड़ी गांव गांव जाकर साइबर क्राइम के बारे में बताएगी। एलईडी पर वीडियो चला कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर, अनिल राणा, विपिन कुमार, सौरभ कुमार, दीपक कुमार, अंकुर मान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### साइबर अपराध जागरूकता अभियान



**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम युसुफा में थाना शिवाला कला महिला आरक्षी रोकी व शिवानी के द्वारा महिलाओं एवं ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया व गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया।

### चांदपुर पुलिस पर गंभीर आरोप



**चांदपुर।** मौहल्ला शाहचंदन निवासी मौहम्मद सुलेमान पुत्र अब्दुल शकूर ने पुलिस महानिदेशक लखनऊ के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पुत्र शाहवेज की शादी शीबा नामक युवती से हुई थी। युवती से प्रेम संबंधों के चलते समीर पुत्र सत्तार, उमेर पुत्र अजीम, शहादत पुत्र मकसूद ने आपस में षड्यंत्र करके घर में अकेला देखकर उसके पुत्र शाहवेज को पंखे से लटका का निर्मम हत्या कर दी थी। शिकायती पत्र के अनुसार 27 अक्टूबर 2025 को मैंने लिखित तहरीर थाना चांदपुर मे दी थी। किंतु पुलिस ने प्रार्थी के पुत्र की हत्या को आत्महत्या मानते हुए रिपोर्ट दर्ज नही की। मैने 6 नवंबर 25 को एसपी से मिलकर मुकम्मल जानकारी का प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। लेकिन वहां भी सुनवाई न होने पर पीड़ित 5 दिसंबर 2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद के पास अपनी शिकायत लेकर गया। तब उनके द्वारा पुलिस थाना चांदपुर का प्रार्थी की रिपोर्ट दर्ज करने हेतु आदेशित किया गया। मजेदार बात यह रही कि पुलिस ने पांच दिसंबर को संपूर्ण तथ्यों सहित तहरीर दिए जाने के बाद भी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज न कर पुरानी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### गन्ने से भरा ट्रैक्टर ट्राला पलटा



**नांगल सोती।** एक ट्रैक्टर ट्राला गन्ना भरकर रायपुर खास उर्फ कोटसराय क्रय केंद्र से उत्तम शुगर मिल बरकतपुर जा रहा था। चंदक-नांगल मार्ग पर हनुमान मंदिर के समीप ट्रैक्टर ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया।

### फायरिंग के आरोपियों का चालान



**नहटौर।** ग्राम पपसरा निवासी कुलदीप राठी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव फलौदी का अंकित कुमार उर्फ सैतिया ने अपने साथियों के साथ बाईक से उनके घर पर आए और गाली-गलौच करने लगे। शोर शराबा सुनकर जब मैं और मेरे चाचा घर के बाहर आए तो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से पांच राउंड फायरिंग की। उन्होंने बामुश्किल अपनी जान बचाई। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देखकर फरार हो गए। फलौदी का अंकित कुमार उर्फ सैतिया पंजाबी व हरियाणवी अदाकारा का अंगरक्षक रहा है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में फलौदी के अंकित कुमार उर्फ सेतिया व गांव धनुपुरा के अक्षित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि अंकित उर्फ सेतिया व अक्षित का चालान किया गया है।

### शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री की प्रदर्शनी



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज में शिक्षक शिक्षा विभाग में विद्यार्थियों के द्वारा निर्मित अधिगम सहायक सामग्री को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाकर आसपास के सरकारी स्कूल के शिक्षकों को अधिगम सहायक सामग्री की महत्वपूर्णता के प्रति जागरूक किया गया। प्रदर्शनी का प्रारंभ मुख्य अतिथि युनिवर्सल स्कूल के प्रधानाचार्य डा. अनुज शर्मा, कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डा. अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए शिक्षण सहायक सामग्री की बहुत अधिक प्रशंसा की। विज्ञान के वर्किंग मॉडल आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। इसी के साथ ही संस्कृत विषय में विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मक तरीके से मिट्टी के खिलौने सब्जियां एवं मॉडल बनाए गए, जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसी के साथ गृह विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी एवं गणित की शिक्षक सहायक सामग्री विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही रचनात्मक तरीके से बनाई गई। बाहर से आए सरकारी स्कूल के प्राइमरी के शिक्षकों ने भी विज्ञान विषय में बनाए गए चार्ट एवं मॉडल गणित विषय की शिक्षण सहायक सामग्री बनवाने के लिए मार्गदर्शन देने के लिए सहायक प्रवक्ता सुनील कुमार चौहान व विज्ञान के लिए सहायक प्रवक्ता अंशिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शिक्षण सहायक सामग्री से सरकारी स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता में बढोतरी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों की लगन और मेहनत की प्रशंसा की। डी.एल.एड. की विभागाध्यक्षा डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि कृष्णा कालेज में इस प्रकार की शिक्षक सहायक सामग्री की प्रदर्शनी प्रारंभ से ही लगाई जाती रही है एवं आसपास के शिक्षकों को यह शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराकर शिक्षक के स्तर को काफी उठाया जा सकता है।

# महबिश की मौत के मामले में पुलिस ने पति व सास को किया गिरफ्तार

## तीन दिन पहले बरामद हुआ था शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेढा में विवाहिता मेहविश की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए पति व सास को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई दहेज हत्या के आरोप में की गई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक दुपट्टा भी बरामद किया है।



ज्ञात हो कि ग्राम सेढा निवासी कलीम की पत्नी मेहविश (22 वर्ष) की कुछ दिन पूर्व संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था। परिजनों का कहना था कि शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से करीब आठ माह पूर्व हुई थी और हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया गया था, इसके बावजूद ससुराल पक्ष एक कार और नकद धनराशि की मांग कर रहा था।

मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर मेहविश को प्रताड़ित किया गया और बाद में फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था तथा परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस प्रेस नोट के अनुसार थाना धामपुर पर दहेज अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 20 दिसंबर को वांछित अभियुक्त कलीम पुत्र सलीम तथा फरजाना पत्नी सलीम, निवासी ग्राम सेढा थाना धामपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चुन्नी बरामद की गई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर इस कार्रवाई के बाद मृतका के परिजनों ने न्याय मिलने की उम्मीद जताई है।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में उठाया टोल छूट का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने क्षेत्रवासियों को टोल शुल्क से राहत दिलाने की मांग को संसद में प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-119 पर स्थित नगीना और किरतपुर टोल प्लाजा के 15 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को टोल शुल्क में छूट देने की मांग की है।

संसद सत्र के दौरान अपनी बात रखते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि नगीना लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-119 पर दो प्रमुख टोल प्लाजा स्थित हैं। इन टोल प्लाजा के कारण स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों और दैनिक आवागमन करने वालों को बार-बार टोल शुल्क देना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा के आसपास लगभग 15 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोगों को टोल से छूट दी जानी चाहिए, जिससे क्षेत्र की आम जनता को राहत मिल सके।



**15 किलोमीटर परिधि में रहने वाले लोगों को मिल सकता है लाभ**

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सदन में कहा कि मंत्री जी स्वयं जान की सुरक्षा की बात कर रहे हैं, ऐसे में यदि टोल प्लाजा के पास रहने वाले लोगों को थोड़ी दूरी तक टोल मुक्त किया जाए तो इससे न केवल लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि बार-बार रुकने से होने वाली असुविधा और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। इस पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सदन को बताया कि सरकार देशभर में टोल व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक सरकार के अधीन कुल 1050 टोल प्लाजा पर अत्याधुनिक तकनीक आधारित इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। इस प्रणाली के तहत हाई-स्पीड, कैमरा और स्वचालित पहचान तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे वाहन बिना रुके लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गुजर सकेंगे और टोल पर रुकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस नई व्यवस्था के लागू होने से टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम, समय की बर्बादी और यात्रियों को होने वाली परेशानी में काफी कमी आएगी। सांसद की मांग पर मंत्री के इस बयान से क्षेत्रवासियों को भविष्य में राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## एक नजर

### साइबर फ्रॉड के प्रति किया जागरूक



**नहटौर।** झालू चौराहे पर पुलिस ने लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग मैसेज फोन कॉल के माध्यम से लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। सतर्कता से इसे बचा जा सकता है। अनचाही कॉल को अनदेखा करें। साइबर ठग काल के माध्यम से लोन देने क्रेडिट कार्ड अप्लाई करने आदि की बातों में झांसा देकर बैंक की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। फोन कॉल पर किसी भी प्रकार का ओटीपी ऐसे लोगों को न बताएं। सतर्कता से साइबर ठगी से बचा जा सकता है।हमेशा ऑनलाइन लेनदेन में जल्दी ना दिखाएं। इस मौके पर पुलिस ने लोगों को जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### अवैध क्लीनिक सील

**बढ़ापुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर नोडल अधिकारी क्वेक्स ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बढ़ापुर पहुंचकर एक क्लीनिक को सील किया, जबकि एक अन्य को नोटिस दिया। आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर डा. के.के. राहुल नोडल अधिकारी (क्वेक्स) एवं डा. विशाल दिवाकर चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नगीना द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ापुर में चिकित्सा कार्य कर रहे अमित कुमार प्रजापति पुत्र हरपाल सिंह, कुंजेंटा रोड, बढ़ापुर के अवैध क्लीनिक की जांच की। अमित कुमार मरीज देखते हुये पाये गये लेकिन उनके पास मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से संबंधित रजिस्ट्रेशन आदि का कोई भी प्रमाण पत्र न मिलने पर कार्यवाही करते हुये क्लीनिक को सील किया गया। इसके अलावा एक अन्य चिकित्सक को नोटिस तामील कराते हुए अपने क्लीनिक सबंधित प्रमाण पत्र दिखाने के लिए आदेशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम की सूचना मिलने पर झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मच गया और कई चिकित्सकों ने अपना अपना क्लीनिक बंद कर दिया।

### इंस्टीटूशनल इनोवेशन डे पर भाषण प्रति.

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल 8.0 द्वारा इंस्टीटूशनल इनोवेशन डे के उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक संस्थान में नवाचार, रचनात्मकता, अनुसंधान, स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करना तथा छात्रों व शिक्षकों में नए विचारों को विकसित करना, समस्याओं के समाधान के लिए आधुनिक और उपयोगी तकनीकों को अपनाना तथा समाज और उद्योग जगत की आवश्यकता के अनुरूप नवोन्मेषी सोच तैयार करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ब्रांचों से उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे छात्र/छात्राओं ने नवाचार, तकनीक, शोध एवं उद्यमिता जैसे विषयों पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने प्रतिभाग कर रहे छात्र/छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवा मस्तिष्क को नई दिशा देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम आयोजित करने मे IIC 8.0 सेल के प्रेसिडेंट प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल, वाइस प्रेसिडेंट प्रो. अंकित राजन अग्रवाल व एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्वेता गौड़ आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे डीन एकेडमिक मनोज कुमार कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश कुमार अग्रवाल एवं सभी विभागाध्यक्ष गौरव गुप्ता, डा. अजय कुमार, डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, डा. मौ. फैसल अंसारी एवं उज्जवल कुमार, नाईला नईम, विपिन कुमार आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विजेता हर्ष धीमान, अक्षत चौहान व प्रिंस राजपूत को प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने मुरादाबाद मंडल के मंडल आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने शील्ड व 5100 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचीन काल में गुरुकुल शिक्षा में भगवान राम और कृष्णा पढ़े थे, उस समय मौखिक शिक्षा पर चर्चा द्वारा परीक्षा होती थी लेकिन आज के समय में समय बदल गया है।

जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम का प्रारंभ माता शारदा के समक्ष मंचासीन अतिथियों आन्जनेय कुमार सिंह बृजमोहन गुप्ता व्यवस्थापक, राजवीर सिंह कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ प्रारंभ किया गया। प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने मंचासीन अतिथियों एवं अन्य अतिथियों का परिचय व स्वागत कराया।



**मंडलायुक्त ने दिए पुरस्कार**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त ने सभी को आशीर्वचन करते हुए कहा कि मुझे ऐसे कार्यक्रम में आना बहुत अच्छा लगता है क्योंकि आप लोग टॉपर्स हैं, आपको मार्गदर्शन मिलता है। जब आपके मन में यह विचार आएगा की संगमरमर में पौधे नहीं उगते उन्हें अपनी मिट्टी, उर्वरक की आवश्यकता होती है तो इन विद्या मंदिरों में आपको फलने फूलने के लिए यह मिट्टी, पानी व उर्वरक प्राप्त होता रहता है। हमें मां सरस्वती की प्रार्थना ज्ञान बुद्धि के लिए करनी होती है। ज्ञान सबको समान मिलता है। कोई बालक ग्रहण करने मन मनन करने पर निर्भर करता है। कोई पास या फेल होता है और कोई टॉपर्स बन जाता है और मानव स्वभाव बातों से प्रभावित होता है।

विद्यालय अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अखिल भारतीय विज.ेता तीनों छात्रों को अपने हृदय से आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य और बिजनौर विभाग के सभी विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। पूर्व छात्र परिषद के अनेक छात्र भी उपस्थित रहे। संचालन रामजी पांडे ने किया।

# ग्राम प्रधान और सचिव पर लाखों की हेराफेरी का आरोप

**हल्दौर।** ग्राम पंचायत पैजनिया में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव पर विकास कार्यों को लेकर अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत के कुछ ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष व गहन जांच कराए जाने की मांग की है। चांदपुर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान ग्रामीणों ने शिकायती शपथ पत्र सौंप कर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत पैजनिया के ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी एवं पंचायत सचिव सलमान खान द्वारा विभिन्न विकास कार्यों में भारी धांधली की गई है। शिकायती शपथ पत्र देने वालों में देवेंद्र सिंह, नकुल कुमार, अनुज कुमार, विशेष कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बैटरी व लोडर की रिपेयरिंग, पंचायत स्टेशनरी की खरीद, हैंडपंप मरम्मत, सामुदायिक शौचालय की मरम्मत तथा सीसी रोड निर्माण जैसे कई कार्यों में केवल कागजी औपचारिकताएं पूरी कर पंचायत खाते से मोटी धनराशि निकाल ली गई। आरोप है कि इस धनराशि का आपसी बंदरबांट किया गया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कई कार्य धरातल पर हुए ही नहीं हैं, जबकि जो कार्य कराए गए हैं, वे भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इससे ग्राम पंचायत के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। वहीं, इस संबंध में ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए सिरे से खारिज किया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 149 शिकायते दर्ज

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील के सभागार में डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी 149 शिकायती दर्ज हुई। जिसमें से मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। दर्ज हुई शिकायतों में राजस्व विभाग की 82, पुलिस विभाग की 37, विकास की 5, नगर पालिका की 3, प्रदूषण की 1, खाद्य सुरक्षा की1, विनिमय क्षेत्र की 3 खाद्य एवं रसद विभाग की 4, विद्युत विभाग की 6, लोनिवि की 3, बैंक की 3, शिक्षा विभाग की 1, कुल 149 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। बाकी बची हुई शेष 143 शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को सौंप कर तुरंत निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से संपर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।



इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कौशलेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, तहसीलदार धनराज सिंह, खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला सहित सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।



सम्भल- अनुमति की आढ़ में अधिक बालू खनन की जांच करते खनन व राजस्व प्रशासन।

# अमृत सरोवर तालाब कूढ़े के ढेर में तब्दील

**० पशु आदि के लिए संचालित योजना ग्रमीण अंचलों में यह सारी सुविधाएं दरकिनार**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**गवॉ।** अमृत सरोवर योजना की स्थिति चिंताजनक है। अधिकतर प्रदेश में अमृत सरोवर सूख गए या उसमें गंदगी फैला दी गई और कहीं-कहीं अवैध कब्जा भी कर लिया है। निर्माण पर हो रहे लाखों रुपये के खर्च के बावजूद भी ग्राम पंचायत में बने अमृत सरोवरों की ओर अफसर की अनदेखी से लोगों ने सारे नियमों को तोड़ दिया ऐसा ही मामला रजपुरा ब्लॉक क्षेत्र के मुटैना गिरधारी में वर्ष 22-23 में अमृत सरोवर का कार्य एवं सौंदर्यकरण पर जल संरक्षण के लिए किया गया था, लेकिन इन दिनों इस योजना की सुविधा पर पलीता लगा है। यहां पर बना अमृत सरोवर तालाब कूड़े के देर में तब्दील हो रहा है जबकि इसका साफ सच्चा और स्वच्छ जल की हिदायत पर काम सुनिश्चित है। क्योंकि गर्मी के दिनों में जल स्रोत कम होने कम होने पर जीव जंतु गांव के पशु आदि के लिए सरकार ने इस योजना का संचालन किया है लेकिन यह सारी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में दरकिनार हो रही है।



सम्भल- शिवा कोल्ड स्टोरेज में जल दोहन की जांच करते नगर मजिस्ट्रेट।

# अनुमति की आढ़ में किया जा रहा था अवैध बालू का खनन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अनुमति की आढ़ में कम रसीद देकर अधिक बालू का खनन किया जा रहा था। पूर्व भाजपा विधायक की शिकायत पर अफसर सचेत हो गए। पूर्व मंत्री की शिकायत पर सचेत हुए उपजिलाधिकारी और खनन निरीक्षक आनन-फानन में जॉच करने पहुंचे। जॉच में शिकायत सही पायी गयी। अधिक खनन करने के आरोपी पर पच्चीस लाख से अधिक के जुर्माने से अधिरोपित किया गया।

गुन्नौर तहसील के ग्राम होतमगढ़ी में खनन की अनुमति ली गई थी, लेकिन अनुमति की आढ़ में अधिक खनन किया जा रहा था। पूर्व मंत्री व पूर्व भाजपा विधायक अजीत कुमार यादव उफ राजू यादव ने अधिकारियों को अनुमति की आढ़ में अधिक खनन किया जा रहा है। अधिक खनन कर कम की रसीद दी जा रही है। जबकि कम घनमीटर की रसीद देकर तीन गुना बालू ओवरलोड करके अवैध खनन किये जाने की जानकारी दी। जबकि वहां भंडारण भी किया जा रहा था। पूव्र मंत्री की जानकारी से अफसरों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में खान निरीक्षक और उपजिलाधिकारी गुन्नौर मौके पर पहुंच गए। इस दौरान बालू खनन अनुज्ञा की जांच प्रभरी अधिकारी (खानन) और उपजिलाधिकारी गुन्नौर, तहसीलदार गुन्नौर व खनन निरीक्षक मौके पर जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान अनुज्ञाधारक स्वीकृत क्षेत्र के बाहर दो पिट्स का निर्माण कर कुल 6513 घन मीटर/परिवहन कार्य किया हुआ मिला। जो उत्तर प्रदेश खनिज परिहार नियमावली 2021 के निसयम 3.58.72 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1967 की धारा 4 व 21 का उल्लंघन मिला। स्वीकृत पटटा क्षेत्र से बाहर 6513 घनमीटर बालू का अवैध खनन /परिवहन किए जाने से कुल 25.40.070 रूपये की राजस्व की क्षति होने की सम्भावना के चलते जिलाधिकारी ने अनुज्ञाधारक को पच्चीस लाख चालीस हज़ार सत्तर रूपये का अर्थदंड से अधिरोपित किये जाने का आदेश/नोटिस निर्गत किया गया। खनन निरीक्षक ने बताया कि शासन की प्राथमिकता पूरे प्रदेश में अवैध खनन व परिवहन न होने देना है। डीएम द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों के चलते किसी भी। प्रकार का खनन/परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

**०पूर्व विधायक/मंत्री ने अधिकारियों को कराया था अवगत 2540070 के जुर्माने से किया गया अधिरोपित**

# कोल्ड स्टोरेजो में नियमों की अंदेखी कर किया जा रहा है जल दोहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में संचालित कोल्ड स्टोरों में नियमों की अनदेखी कर भूगर्भ जल का दोहन किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित विशेष समिति में नगर मजिस्ट्रेट ने चंदौसी रोड क्षेत्र में कोल्ड स्टोरों पर छापेमारी कर जांच शुरू की। जांच के दौरान कई कोल्ड स्टोरों के पास भूगर्भ जल विभाग की आवश्यक एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) नहीं पाया गया। समिति में भूगर्भ जल विभाग, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि जिले में लगभग 70 कोल्ड स्टोर संचालित हैं। करीब एक माह पहले कस्बा सम्भल क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान यह संदेह सामने आया था कि कई कोल्ड स्टोर बिना अनुमति के पानी का उपयोग किया जा रहा है। इस मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी। जिसके बाद डीएम द्वारा समिति का गठन किया गया था। उन्होने बताया कि शनिवार को समिति ने चंदौसी रोड स्थित शिवा कोल्ड स्टोर व शिव राइस मिल सहित अन्य कोल्ड स्टोरों का निरीक्षण किया। तीन कोल्ड स्टोरों की जांच की जा चुकी है, जबकि दो अन्य कोल्ड स्टोरों का निरीक्षण किया जाना शेष है। निरीक्षण के दौरान किसी भी कोल्ड स्टोर के पास भूगर्भ जल विभाग की एनओसी नहीं पाई गई। समिति ने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित कोल्ड स्टोर संचालकों को नोटिस जारी किए जाएंगे और उन्हें नियमानुसार भूगर्भ जल विभाग से एनओसी लेने के निर्देश दिए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित अनुमतियों की भी जांच की जाएगी। यदि किसी स्तर पर नियमों का पालन नहीं पाया गया तो संबंधित कोल्ड स्टोरों को सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए बाध्य किया जाएगा। निरीक्षण पूरा होने के बाद समिति अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी। प्रशासन का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले कोल्ड स्टोरों के खिलाफ आगे सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है।

**०नगर मजिस्ट्रेट ने शिवा कोल्ड स्टोरेज पर मारा छापा, संचालकों को जारी होंगे नोटिस**

# राष्ट्रीय रोबोटिक प्रतिस्पर्धा को विशेष कार्यशाला सम्पन्न

**०जिलाधिकारी ने पहुंचकर किया मार्ग दर्शन**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन, के परिषदीय (सरकारी) विद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों के लिए टेकफेस्ट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे की राष्ट्रीय रोबोटिक्स प्रतिस्पर्धा हेतु आयोजित त्रिदिवसीय विशेष रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार, एवं ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी), में आयोजित की गई इस कार्यशाला में कक्षा 5 से 9 तक के चयनित विद्यार्थी सम्मिलित हुए। ये वही विद्यार्थी हैं। जिन्होंने पूर्व में आईआईटी दिल्ली के वार्षिक प्रौद्योगिकी महोत्सव ट्राइस्ट में भाग लेकर देशभर से आए अभियांत्रिकी छात्रें के विरुद्व प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतिम चरण में चौथा स्थान प्राप्त किया था, तथा इसके पश्चात आईआईटी कानपुर के थैकरिटी में भी इन विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यशाला के दौरान जिलाधिकारी, डा. राजेन्द्र पैंसिया ने उपस्थित होकर आगामी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा टेकफेस्ट 2025, आईआईटी बॉम्बे हेतु विद्यार्थियों को आशीर्वाद, प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अलका शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ नामित शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही। जिनमें प्रमुख रूप से शालिनी सक्सेना, विजय शर्मा, अभिषेक रस्तोगी एवं मधुलिका सिंह शामिल रहे। कार्यशाला का तकनीकी प्रशिक्षण सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन के रोबोटिक्स प्रशिक्षक रुद्रभा मुखर्जी द्वारा प्रदान किया गया। तीन दिवसीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण के समापन सत्र में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गयीं कि सभी विधार्थी आईआईटी बॉम्बे में अपने प्रदेश और जनपद का नाम रोशन करें। शालिनी सक्सेना, मधुलिका, अभिषेक रस्तोगी, विजय शर्मा, सहित 11 बच्चे प्रतियोगिता में जा रहे हैं। समापन समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंशी लाल पटेल, पोप सिंह, एवं दीनदयाल शर्मा, शैलेजा मिश्रा, विक्रम सिंह आदि समापन समारोह में उपस्थित रहे।



सम्भल- रा. रोबोटिक प्रतिस्पर्धा प्रशिक्षण में जानकारी लेते जिलाधिकारी।

## बाल कल्याण व संरक्षण समिति की बैठक में दिए निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड जुनावई सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी तबस्सुम ज़हरा द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा के लिए कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी उमेश कुमार (आई.एस.बी.) ने सभी सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होने के निर्देश दिए।

# अन्य आयोगों की तरह किसान आयोग भी लड़े किसान हित की लड़ाई

**०सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे भाकियू भानू अध्यक्ष ने की पत्रकारों से वार्ता**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाकियू (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए संगठन, किसानों और देश से जुड़े कई मामलों पर विस्तार से बोलते हुए कहा कि हाल ही में जिलाध्यक्ष संतोष यादव के साथ एक विवाद हुआ था, जिसे शांत कराने के लिए वह स्वयं सीओ सम्भल के पास पहुंचे थे। दोनों पक्षों की ओर से जानलेवा हमले के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। सीओ द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी जमानत करा लें, इसके बाद बैठकर मामले का समाधान कराया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश, जिला, मंडल, तहसील और ब्लॉक स्तर पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि किसानों की आवाज मजबूती से उठाई जा सके। उन्होंने केंद्र सरकार से किसान आयोग के गठन की मांग करते हुए कहा कि जिस तरह उद्योगपतियों के हितों के लिए आयोग और नीतियां बनती हैं, उसी तरह किसान आयोग भी फसलों के आधार पर किसानों के हक की लड़ाई लड़े। उन्होंने मांग की कि यदि किसी किसान की दुर्घटना में मृत्यु होती है तो उसके परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाए। ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने चिल्ला बॉर्डर का हवाला देते हुए कहा कि वहां पुलिस के करीब 500 जवान और 110 से अधिक मीडिया कर्मी घायल हुए थे। उन्होंने पुलिस कर्मियों और मीडिया कर्मियों के लिए भी मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, लेकिन उसे न तो सुरक्षा मिलती है। यदि कोई मीडिया कर्मी गंभीर रूप से घायल होता है तो केंद्र सरकार दो करोड़ और मृत्यु की स्थिति में उसके परिवार को चार करोड़ रुपये मुआवजा दे। उन्होंने देश की सुरक्षा में लगे जल, थल और वायु सेना के जवानों को लेकर कहा कि यदि कोई जवान शहीद होता है तो संसद में प्रस्ताव पास कर उसके परिवार को पांच करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकारी संस्थानों के निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि रेल, जहाज और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपना गलत है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है, न कि राजतंत्र। जनता सरकार चुनती है और जो सरकार काम नहीं करती, उसे सत्ता से बाहर करती है। उसी तरह जो अधिकारी काम नहीं करते, उन्हें बर्खास्त कर सही तरीके से काम करवाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भानु नाम का पर्यायवाची सूर्य होता है और जो भी सूर्य से टकराएगा, वह जलकर नष्ट हो जाएगा।



सम्भल- तहसील परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भानू प्रताप सिंह।

## दोपहर को निकली मंद धूप ने दी मामूली राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बढ़ते सर्दी के कहर के साथ देर दोपहर को निकली मंद धूप ने मामूली राहत प्रदान की। बाज़ार में भी चहल-पहल बढ़ी।

कोहरा और ठंडक का सितम कम नहीं हो पा रहा है। ठंडक के कहर से लोग घरों से निकल नहीं पा रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन की ओर से नौनिहालों के स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। जबकि तीसरे दिन देर दोपहर को सूर्य की चमक दिखायी दी। धीरे-धीरे मंद गति से निकली धूप में मामूली राहत मिली। इसी के साथ बाज़ार में भी चहल-पहल बढ़ी। कोहरे और ठंड से सूने-सूने दिखायी दे रहे मार्ग पर भी वाहनों की रफ्तार दिखायी दी। जबकि सरकारी कार्यालयों में भी लोग अपने-अपने कार्य को पहुंच सके। सांय को गलन बढ़ते ही बाज़ार जल्दी बंद हो गए।


# कोहरे में हादसे रोकने को पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लैक्टर

**०यातायात और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कोहरे में हादसों से बचने और सुरक्षित यात्रा को पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लैक्टर लगाने शुरू कर दिये है। यातायात और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से वाहनों पर रिफ्लैक्टर लगाकर यातयात नियमों के पालन को जागरूक किया।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात और यातायात प्रभारी के पर्यवेक्षण में थाना नखासा और और यातायात पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत घने कोहरे की अधिकता को देखते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने और कोहरे में वाहनों को दूर से पता चलने के उददेश्य से चौकी हिंदूपुरा खेड़ा के सामने सम्भल हसनपुर रोड पर ट्रैक्टर ट्राली पिकअप और टेंपो एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए और यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल सौरभ कुमार एवं थाना नखासा की पुलिस द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन कर वाहनों के चालको एवं सड़क पर चलने वाले राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जबकि कोतवाली सम्भल के एस एस आई संजीव बालियान एवं यातायात पुलिस के टी एस आई अशोक कुमार द्वारा हमराही जवानों की संयुक्त टीम के सहयोग से कोहरा और दृश्यता कम होने के दृष्टिगत ट्रैक्टर व अन्य वाहनों में चंदौसी चौराहा संभल पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी दी। जबकि इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों से बिन हैल्मेट के वाहन नहीं चलाने और कोहरे में वाहन चलाते विशेष सावधानियां बरतने कपर ज़ोर दिया। अभियान के दौरान गन्ने से लदे ट्रैक्टर-ट्रालियों को रोककर उन पर रिफ्लैक्टर आदि लगाकर चालकों से कोहरे में गन्ना लाते-लेजाते गति धीमी और बहुत ही सावधानी के साथ वाहन को चलाने पर ज़ोर दिया।



सम्भल- कोहरे में हादसों से बचाव को अभियान में ट्रैक्टरों पर रिफ्लैक्टर लगाते एसएसआई।

## मटरे के बेसन से बनाई जाती है मिठाइयॉं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मिलावटी खाद्यय पदार्थो पर छापामार कार्यवाही किए जाने के बाद भी इस धंधे से जुड़े लोगों पर असर नही होता। मिष्ठान की दुकानों पर स्वास्थ्य के लिस अत्यंत हानिकारक सामग्री का प्रयोग कर मिष्ठान बनाया जाता है,लेकिन खाद्यय विभाग की टीम को याद नही आती।

पूर्व में मिष्ठान दुकानों पर की गई सैम्पलिंग कार्यवाही और जांच में कई ऐंसी सामग्री का प्रयोग करने का मामले सामने आ चुके हैं जो स्वास्थ्य और मानव जीवन के लिए अत्यंत ही हानिकारक होता है,लेकिन इसके बावजूद मिष्ठान दुकानों पर मानव जीवन से खिलवाड़ को रोकने में स्वास्थ्य विभाग और खाद्वय निरीक्षण विभाग पूरी तरह से विफल रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग के छापेमारी से कुछ दिन मिलावट खोरी रोक दी जाती है। उसके बाद फिर शुरू की जाती है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हज उमराह टूर ट्रैर्वल्स एजेंसी का फीता काटकर उदघाटन करते पूर्व विधायक।

### हज उमराह के लिए शहर में मिलेगी सुविधा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** हज उमराह आदि के वीजा औरद के लिए दिल्ली अथवा दूसरे शहरों में ट्रैवल्स एजेंसियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। बल्कि यह सुविधा अब शहर में ही उपलब्ध हो जायेगी। शनिवार को मौहल्ला नाला पर दाना हज उमराह टूर ट्रैवल्स का पूर्व विधायक व मुरादाबाद देहात हाजी इकराम कुरैशी ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस दौरान उन्होने कहा कि शहर में हज उमराह ज़्यारत के लिए सफर लिए खुली दाना टूर एवं ट्रैवल्स एजेंसी से काफी लाभ मिलेगा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, हाजी मुशीर खान, पूर्व मेयर प्रत्याशी मुरादाबाद रिजवान कुरैशी आदि मौजूद रहे।



सम्भल- कुश्त दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाकर शुरूआत कराते हाजी नुसरत।

### पूर्व चेयरमैन ने बढ़ाया पहलवानों का हौंसला

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** दो दिवसीय कुशती दंगल में पहुंचे पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद एवं भारतीय सदभावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत इलाही ने पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान दंगल के आयोजकों ने हाजी नुसरत इलाही का पगड़ी बांधकर स्वागत व सम्मान किया। हाजी नुसरत इलाही ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती की शुरूआत करायी। दंगल में पहुंचे स्थानीय दूर दराज के पहलवानों ने अपनी जोड़ के पहलवानों से हाथ मिलाकर एक दूसरे को पछाड़ने के जमकर दांव पेंच आज़माये। कुश्ती दंगल के आयोजकों ने दंगल के आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला। दंगल में आए पहलवानों को हाजी नुसरत इलाही ने नकद राशि देकर प्रोत्साहित किया।

# शिक्षक समाज के निर्माता: ध्रुव

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर के बाबूराम सिंह इण्टर कालिज, बबराला में शैक्षिक विचार गोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

पूर्व एमएल.सी/प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों को अध्यापन के माध्यम से शिक्षा का बेहतर उद्देश्य प्रस्तुत करना चाहिए।शिक्षा से बच्चों के भविष्य को सँवारा जा सकता है। एम.एल.सी, नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं।बच्चों का भविष्य उनके हाथों में है। प्रदेश अध्यक्ष प्रा.शि.सं. प्रदेश अध्यक्ष, शि.महा. संघ दिनेश चन्द्र शर्मा शिक्षकों को शैक्षिक स्तर वर्तमान के हिसाब से चलना चाहिए वर्तमान आवश्यकता क्या है उसके हिसाब से शिक्षण कार्य किया जाना चाहिए जिससे अध्यापन कार्य में आसानी हो और बच्चे भी उसको बेहतर तरीके से समझ सके। इस मौके पर प्रतिभाग करने वाले सभी अतिथियों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं का प्रतीक चिन्ह व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व एमएलसी सुभाष चन्द्र शर्मा, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, इन्द्रासन सिंह,जगवीर किशोर जैन,अल्पना चौधारी,राधेश्याम शर्मा,वेदप्रकाश,अवधेश यादव व समस्त स्टाफ बाबूराम सिंह इण्टर कालेज का रहा।



बबराला- शिक्षकों का सम्मान करते अतिथि

# सर्दी के सितम से लोग बेहाल

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। कोहरे ने भी अपने पैर पसार लिये हैं। जिससे वाहन रेंगने को मजबूर हैं। वहीं गलन के माहौल से लोग ठिठरने को मजबूर हो गए हैं। लोगों को कई दुश्वारियों से जूझना पड़ रहा है। दिन में धूप निकलने पर भी राहत नहीं मिल पा रही है।

शाम होने पर फिर से सर्दी का सितम परेशान करने लगता है। सर्दी के मौसम में लोग दिक्कतें झेल रहे हैं क्योंकि सुबह के वक्त कोहरा रहता है और शाम होने के बाद फिर कोहरा आ जाता है। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने देख कर वाहन चलाने में काफी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। कोहरे की वजह से कई वाहन हादसे हो चुके हैं। वाहनों की लाइटें जलाकर किसी तरह से धीरे-धीरे सफर किया जा रहा है। हालांकि वक्त के साथ कोहरा और कम होने लगता है तो परेशानियां कम होती हैं। लेकिन गलन और हवाओं से लोग जूझते नजर आ रहे हैं। लोग कई कई गर्म कपड़े पहनने के बाद भी गलन से राहत महसूस नहीं कर पा रहे हैं। लोग कामकाज के लिए मंजिल पर पहुंचने को मजबूर हैं। इस बीच धूप निकलने से लोगों को थोड़ी बहुत राहत महसूस हो रही है। मगर धूप भी हवाओं के चलते ठंड के प्रकोप से ज्यादा राहत नहीं दे पा रही है। रिक्शा और बाइकों पर गुजरने वाले लोग गर्म कपड़े में लिपट कर बाहर निकल रहे हैं। गलन व कोहरे से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी सर्विस रिकार्ड जिसका सेनांक न0 6495862A में दर्ज मेरी पुत्री शाजिया खान की गलत जन्मतिथि 23-02-2006 व पुत्र मौ0 मोनिस खान की गलत जन्मतिथि 18-05-2012 के स्थान में पुत्री शाजिया खान की सही जन्मतिथि 10-07-2009 व पुत्र मौ. मोनिस खान की सही जन्मतिथि 24-08-2014 मानी जाये।

**अतीक अहमद पुत्र मौहम्मद उमर**
नि0 ग्राम- गोवर्धनपुर उर्फ नाबका, पोस्ट-अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला-बिजनौर

# फर्जी बिल ट्रैडिंग से करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह का मुख्य आरोपी फर्जी सीए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** फर्जी बिल ट्रैडिंग के जरिए बोगस फर्मों का निर्माण कर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी कर राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने वाले संगठित गिरोह के मुख्य आरोपी फर्जी सीए को एसआईटी अपराध शाखा, मुरादाबाद ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस टीम ने चार मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, एक लैपटॉप, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड और एक वोटर कार्ड बरामद किए हैं।इस मामले में जीएसटी सहायक आयुक्त, प्रभारी राज्य कर सचल दल इकाई द्वितीय एवं षष्ठम मुरादाबाद द्वारा थाना सिविल लाइंस में तहरीर दी गई थी। जांच के दौरान एके इंटरप्राइजेज एवं सौरभ इंटरप्राइजेज नामक फर्मों द्वारा आयरन स्क्रैप के नाम पर फर्जी लेन-देन का मामला सामने आया। छानबीन में पाया गया कि एक ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर 62-62, कुल 124 फर्में पंजीकृत थीं, जो फर्जी दस्तावेजों के



आधार पर बनाई गई थीं। इस आधार पर थाना सिविल लाइंस में बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किए गए।डीआईजी एवं एसएसपी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अपराध के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए विवेचना प्रारंभ की। कार्रवाई के क्रम में 22 नवंबर को मौ. इखलाक मलिक एवं इत्तेफात आलम उर्फ दानिश कबाड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसके बाद 11 दिसंबर को फर्म बनाने वाले मुख्य आरोपी सुमित कुमार को एसआइटी ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था।और अब इसी क्रम में शनिवार को परमिंदर पुत्र गुरमीत सिंह निवासी फतेहगढ़ साहिब, पंजाब को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी परमिंदर ने पुलिस को बताया कि उसने बीकॉम किया है और वह जीएसटी अकाउंटिंग का कार्य करता था। उसने बताया कि मौ. इखलाक मलिक द्वारा उपलब्ध कराए गए जीएसटी सर्टिफिकेट, यूजर नेम, पासवर्ड और सिम कार्ड के माध्यम से वह बोगस फर्मों के बिल, ई-वे बिल तथा जीएसटी रिटर्न फाइल करता था। अब तक वह 500 से अधिक फर्मों के यूजर नेम, पासवर्ड, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी बदलकर प्रयोग कर चुका है। लैपटॉप में 500 से अधिक जीएसटी प्रोफाइल का डाटा मिलने से बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की पुष्टि हुई है।इस मामले में पुलिस टीम के द्वारा अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

# समाधान दिवस में आई 39 शिकायतों में 4 का निस्तारण



**कांठ (शाह टाइम्स)।** तहसील समाधान दिवस में आई 39 शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया गया निर्धारित समय पर शुरू हुए तहसील समाधान दिवस में आज विद्युत विकास समाज कल्याण राजस्व सिंचाई आदि विभागों की 39 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। बाकी शिकायतों का निस्तारण समय रहते किए जाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का समय रहते गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना चाहिए। कुछ फरियादियों ने समाधान दिवस में उनके साथ गलत व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया कहा की अधिकारियों का लहजा इतना सख्त है कि उन्हें लगता है कि यहां आकर वह कुछ गलती कर रहे हैं। इस मौके पर आईएएस अधिकारी/ वीडियो, एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मुंबई में संपन्न हुई हिंदू इकोनामिक फ्रॉम से वापस आए डॉ. राजकमल गुप्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिंदू इकोनामिक फॉर्म की दो दिवसीय बैठक मुंबई में संपन्न हुए जिसमें सम्मिलित होकर वापस आए व्हिप के केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य एवम क्षेत्र प्रमुख गौ रक्षा प्रमुख डॉ राजकमल गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में विश्व के 32 देशों के 550 हिन्दू प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें हिंदुओं की आर्थिक उन्नति तथा उसके समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया जिसके माध्यम से भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए भारतीय उद्योगपतियों द्वारा विस्तार से चिंतन हुआ इस बैठक में विभिन्न क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए जिसमें इन्होंने इस प्रकार की बैठक को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया।

हिंदू इकोनामिक फॉर्म के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद जी ने सफल बैठक के लिए सभी का भार व्यक्त किया।

# खादी महोत्सव-2025 में उमड़ी भीड़, शासन प्रशासनिक अधिकारियों ने की खरीदारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा युवा केन्द्र, सांई मन्दिर रोड़, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में आयोजित मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025 में आज छठवे दिन अपार भारी भीड़ देखी गई। शासन एवं प्रशासनिक उच्च अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने बड़ी संख्या में खरीदारी की। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनी में आकर खरीदारी की। प्रदर्शनी में देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए उत्पादों की भारी मांग रही, जिनमें कश्मीर के शाल, गरम कपड़े, ड्राई फुड, बिहार भागलपुर की मशहूर खादी, बिकानेर का मशहूर नमकीन, प्रतापगढ़ का आवंला, कन्नोज का इत्र, गुजरात के मशहूर जडी बुटी उत्पाद, हाथरस का देश का सबसे प्रसिद्ध हींग, ओग्रिनिक गुड शक्कर, शुद्ध शहद, उत्तराखण्ड के गरम कपडे, भदोही का कारपेट, सिल्क साडियां और खादी की सदरी एवं खादी सिल्क, सूती अथवा आर्टीफिशियल लेडीज ज्वैलरी शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी महोदया श्री मृणाली अविनाश जोशी जी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न स्थानों से आई खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों के उत्पादों की सराहना की।

उन्होंने मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी को राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का भव्य और आकर्षक रूप देने के लिए खादी ग्रामोद्योग विभाग के मुरादाबाद मण्डल के परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह चौहान की अत्यधिक सराहना की और उन्हें बधाई दी। आज सांय 4:00 बजे से आयोजित औपन डांस कॉम्पटिशन में मुख्य अतिथि मुख्य कोषाधिकारी, मुरादाबाद रहीं। प्रदर्शनी में रात्रि 10:30 बजे के उपरान्त भी बड़ी संख्या में महिलाएं खरीदारी करने आ रही हैं, जो प्रदर्शनी की भव्यता और उत्कृष्ठ उत्पादों के प्रति लोगों के आकर्षण को दर्शाता है।

# गोरक्षकों ने उठाई सिरसा ठाट गोशाला की बाउंड्री वॉल कराने की मांग

**कांठ (शाह टाइम्स)।** गौ रक्षक आज सिरसा ठाट गांव की गौशाला में पहुंचे और वहां के हालात का जायजा लिया गौरक्षक



विकास शर्मा ने बताया कि गौशाला की काफी बड़ी बाउंड्री केवल तारों से कवर्ड की गई थी जिनके टूट जाने के कारण अब गौशाला में संरक्षित पशु किसानों के खेतों में जाकर उनकी फसलों का नुकसान कर रहे हैं। इसके अलावा तेंदुआ ग्रसित क्षेत्र होने के कारण गौशाला में पशुओं को तेंदुओं के हमले का भी खतरा निरंतर बना हुआ है उन्होंने बताया कि जिन लोगों को गौशाला के लिए चारा बुवाई कर उन्हें जिम्मेदारी दी गई थी वह लोग भी अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से निर्बहन नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण गोवंश को पूरी तरह से हरा चारा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है उन्होंने इस दौरान कुछ पशुओं का उपचार कराए जाने की भी जानकारी दी और कहा कि नोडल अधिकारी को इस संबंध में सूचित करने के बाद भी अभी तक बाउंड्री वाल का काम शुरू नहीं हुआ है उन्होंने शासन प्रशासन से गौशाला की बाउंड्री कराकर इसमें संरक्षित पशुओं को सुरक्षित कराए जाने की मांग उठाई।

# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में मुरादाबाद मंडल का रहा दबदबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वाराणसी में 16 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित 53वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 में मुरादाबाद मंडल के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह प्रदर्शनी पीएम श्री राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज, वाराणसी में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर से बाल वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने भाग लिया।मुरादाबाद मंडल की ओर से मंडलीय टीम प्रभारी नरेंद्र सिंह, सहायक अध्यापक, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के कुशल निर्देशन में प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद जनपद के प्रतिभागियों को कुल तीन स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ, जो मंडल के लिए गौरव का विषय रहा।





स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में जूनियर वर्ग में जे. आर. अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा अफीफा ने "उभरती हुई प्रौद्योगिकी" विषय पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा रिशिता ने "मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग" विषय पर स्वर्ण पदक जीता। वहीं अध्यापक संवर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज सियाली खद्दर मुरादाबाद के प्रवक्ता मनोज कुमार दिवाकर ने "स्वास्थ्य एवं स्वच्छता" विषय पर स्वर्ण पदक हासिल किया।जूनियर वर्ग में अब्दुस सलाम मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा इफ्फत तनवीर ने "जल संरक्षण एवं प्रबंधन" विषय पर कांस्य पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया।इसके अतिरिक्त चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्र विश्वास अग्रवाल, आरुष वर्मा और वंश सागर को राज्य स्तर पर सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्य सांत्वना पुरस्कार पाने वालों में आयुषी, पारुल, ध्रुव यादव, कृष्णा तिवारी, नितिन सिंह, रिहान हसन तथा अध्यापक संवर्ग में अर्पित सिंह और सचिन कुमार शर्मा शामिल रहे।सह-टीम प्रभारी के रूप में मेघा शर्मा, प्रवक्ता डायट इस्माइलपुर बिजनौर ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। राज्य स्तर पर मुरादाबाद मंडल के सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टीम प्रभारी नरेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# टिमिट के 10 मेधावी छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के एमबीए 2025-26 बैच के 10 मेधावी छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट विद्यार्थियों के लिए अनेक सुनहरे अवसर लेकर आया है। शुरुआत से ही देश की नामी कंपनियों कैंपस में आ रही है और लगातार हमारे छात्र-छात्राओं को उच्च पैकेज पर अवसर प्रदान कर रही हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के उत्तम सिलेबस, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट टीम के मजबूत कॉरपोरेट संबंधों का परिणाम है। हाल ही में बहुप्रतिष्ठित कंपनी 'लर्नफ्लू एडुटेक' ने टिमिट के होनहार विद्यार्थियों-सोहित गोला, नितिका जैन, रिकी कुमार, श्रुति भदानी, स्नेहा श्रीवास्तव, उदय अग्रवाल, मोहम्मद अमान खान, वैभवी जैन, दिव्यांशी अग्रवाल और आयुष जैन को बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर चयनित किया है। चयनित विद्यार्थियों को बेंगलुरु में नियुक्ति प्रदान की गई है। इन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा आयोजित ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू और स्किल असेसमेंट टेस्ट जैसी सख्त प्रक्रिया के बाद हुआ। यह सफलता दर्शाती है कि टिमिट के विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सक्षम हैं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, कम्युनिकेशन स्किल और कॉरपोरेट कल्चर के अनुरूप दक्षता भी रखते हैं। कॉलेज का मानना है कि शिक्षा का असली उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें करियर के सही मार्ग पर अग्रसर करना है। फैकल्टी द्वारा लगातार मेटॉरशिप, करियर काउंसलिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल ट्रेनिंग ने इन विद्यार्थियो की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चयन के साथ टिगिट कॉलेज ने



सोहित गोला, नितिका जैन, रिकी कुमार, श्रुति भदानी, स्नेहा श्रीवास्तव
उदय अग्रवाल, मोहम्मद अमान खान, वैभवी जैन, दिव्यांशी अग्रवाल, आयुष जैन

एक बार फिर साबित किया है कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने मे पूरी तरह सक्षम हैं। कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे अपने उज्ज्वल करियर से संस्थान का नाम और रोशन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के डीन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट छात्रों, कार्पोरेट जगत व अभिभावकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाता रहेगा व गुण्वत्ता परक रोजगार परक शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करता रहेगा। टिमिट के छात्र छात्राओं को बेहतरीन प्लेसमेंट प्राप्त होने पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आर्शीवाद दिया और कहा कि हमारे छात्र-छात्रायें वैश्विक स्तर पर टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन करें और नई तकनीक व खोज दुनिया को प्रदान करें। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व विनार्थियों को कड़ी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।

# जिला सहकारी बैंक की हुई 99वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला सहकारी बैंक लि., मुरादाबाद की 99वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक बैंक मुख्यालय प्रांगण मुरादाबाद में बैंक के अध्यक्ष चौ0 विजयभान सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यकम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने सामान्य निकाय की बैठक हेतु बैंक प्रबन्धन, बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी तथा बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में यह बताया कि प्रदेश में सहकारी संस्थाओं में लगातार सुधार हो रहा है। जिसके दृष्टिगत भारत सरकार ने पृथक रूप से सहकारिता विभाग का गठन किया तथा यशस्वी श्री अमित शाह जी को इसका प्रथम मंत्री बनाया गया है, जो सहकारिता की महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करता है इसी कारण यूनाईटेड नेशन द्वारा वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। सहकारिता में प्रत्येक सदस्य अपने सभी सदस्य साथियों को साथ लेकर चलता है। राष्ट्रीयकृत /निजी बैंकों के विपरीत सहकारी बैंक के सभी कर्मचारी सभी सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं जो सहकारिता का मूल है। केन्द्र सरकार द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियों को अब बहुउद्देशीय सहकारी समितियों में परिवर्तित कर दिया गया है। इसके अन्तर्गत प्राथमिक सहकारी समितियों को अब अपनी स्वेच्छा से कोई भी आर्थिक गतिविधि आरम्भ करने की स्वतन्त्रता प्रदान कर दी गयी है। उनके द्वारा बैंक की प्रगति पर बैंक प्रबन्धन व बैंक के कर्मचारियों व अधिकारियों को इसका श्रेय देते हुये बधाई दी तथा बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामनायें दी। वीर विक्रम सिंह संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक, सहकारिता मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद







द्वारा बैंक की सामान्य निकाय की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैंक की 99वीं सामान्य निकाय की बैठक में देश की उन्नति में सहकारिता के योगदान पर प्रकाश डाला तथा जिला सहकरी बैंकों को टेक्नोलॉजी में सुधार तथा सदस्यो को बैंक से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य सभी सदस्यो को साथ लेकर चलना तथा समिति के सबसे उच्च अधिकारी से अपनी बात कह सकना, यह इसका मूल है। बैंक की लाभप्रदता को और अधिक बढ़ाने हेतु उन्होंने नये सदस्य बनाने तथा विविधीकरण ऋण वितरण पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला अध्यक्ष आकाश पाल द्वारा अपने संबोधन में सहकारिता से विकास की ओर अग्रसर करने में अहम योगदान पर बल दिया। बैंक के अध्यक्ष चौ. विजयभान सिंह द्वारा सभागार में उपस्थित बैंक संचालक मण्डल के सदस्यों एवं जनपद मुरादाबाद, अमरोहा व सम्भल में कार्यरत प्रारम्भिक सहकारी ऋण समितियों, सह संघों, क्रय बिक्रय समितियों तथा विशेष समितियों के प्रतिनिधियों एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि को अवगत कराया कि बैंक वित्तीय वर्ष 2024-25 में रुपए 27.76 करोड लाभ में रहा है। बैंक को वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनएएफएस सीओबी द्वारा बैंक के सर्वांगीर्ण विकास हेतु सहकारी बैंको की श्रेणी में सम्पूर्ण भारत में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बैंक निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है तथा लगातार लाभ में वृद्धि कर रहा है। बैंक के अंश धारको को वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 5 प्रतिशत लाभांश भुगतान करने का निर्णय सामान्य निकाय बैठक में लिया गया। बैंक में आधुनिक बैंकिग गतिविधि इन्टरनेट बैंकिंग व आईएमपीएस आरम्भ कर दी गयी है बैंक के व्यवसाय में वृद्धि हेतु 11 नयी शाखाये खोलने तथा 31 बी-पैक्स गठन की कार्यवाही की जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा बैंक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 शाखा प्रबन्धकों एवं 9 समिति के सचिवों को भी सम्मानित किया गया। बैंक के सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री प्रेम सिंह द्वारा बैंक के वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित कार्यकलाप, बैंक के वर्ष 2024-25 का सन्तुलन पत्र एवं आडिट रिपोर्ट, वर्ष 2025-26 के लिए अंकन रु0 16533.00 लाख के आय-व्यय के बजट पर स्वीकृति, तथा बैंक का अधिकतम दायित्व को निर्धारित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसको सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर बैंक में वरिष्ठ नागरिको हेतु सावधि बचत योजना तथा युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण का शुभारम्भ भी किया गया। राकेश सिंह-सदस्य राष्ट्रीय परिषद भा0ज0पा0, मनीष सिंह ब्लॉक प्रमुख मुरादाबाद, उपसभापति कुलदीप सिंह तथा बैंक संचालक डॉ0 निर्दोष सिंह गन्धर्व, श्रीमती बबीता, जगजीत सिंह, राहुल राणा, वेदपाल सिंह, श्रीमती माया, बृजपाल सिंह, अमित कुमार, सत्यवीर सिंह, शर्मेन्द्र कुमार, श्रीमती भारती चौधरी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश में तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रही बंद बॉडी पिकअप की टक्कर से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित पुत्र की तहरीर पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश निवासी दीपक कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय महेश चंद शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि घटना 20 नवंबर 2025 की रात लगभग 9.30 बजे की है। उनके पिता महेश चंद शर्मा पुत्र बाबूराम शर्मा अपने भतीजे भूपेंद्र शर्मा के घर से वापस अपने घर आ रहे थे।

जैसे ही वे गांव के सामने सड़क पर पहुंचे, तभी ठाकुरद्वारा की ओर से तेज गति से आ रही बंद बॉडी पिकअप ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महेश चंद शर्मा को परिजन नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। और बाद में लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज मेरठ रेफर किया गया। उपचार के बाद 24 नवंबर को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था, लेकिन 2 दिसंबर 2025 की सायं लगभग 6 बजे उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार 3 दिसंबर को किया गया। पीड़ित पुत्र ने बताया कि पिता के इलाज में व्यस्त रहने के कारण वह समय से थाने नहीं पहुंच सके। बाद में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 39 फरियादियों ने पहुंचकर दर्ज कराई अपनी शिकायत, मौके पर कोई निस्तारण नहीं

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें 39फरियादियों ने पहुच कर के अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए निस्तारण की मांग की है। जिसमें मौके पर कोई शिकायत का निस्तारण नही ,शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में तहसीलदार प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें 39 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की जिसमें मौके पर कोई निस्तारण नही किया गया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ कुलदीप चौधरी, खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुदगल कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह, सहित क्षेत्र के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## पूर्व सांसद की पुण्यतिथि पर साधना सिंह ने भाजपा नेताओं से की मुलाकात



**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद जनपद की राजनीति के दिग्गज नेता व ठाकुरद्वारा विधानसभा से पाँच बार के विधायक एवं मूरादाबाद लोक से सांसद रहे स्वर्गीय कुंवर सर्वेश सिंह की पत्नी साधना सिंह ने ठाकुरद्वारा नगर पालिका परिषद के सामने स्वर्गीय बाबा रामपाल सिंह चौहान की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा नेताओं से गुफ्तगू की। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद परिसर में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का एक जनकल्याणकारी कार्यक्रम भी आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सांसद स्वर्गीय बाबा रामपाल सिंह चौहान की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। इस दौरान साधना सिंह ने स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर कंबल वितरण को सर्दी से बचाव और गरीबों व जरूरतमंदों की मदद के एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा गया। मुरादाबाद में ऐसे कार्यक्रम पहले भी आयोजित किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम में नवीन शर्मा - भाजपा नेता, अंकित शर्मा सभासद टिंकल चौहान - भाजपा नेता ,नरेंद्र चौहान , चंद्रपाल सिंह चौहान आदि उपस्थिति रहे।

## एक नजर

### एसएम डिग्री कॉलेज में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**चन्दौसी।** युवा कल्याण विभाग द्वारा एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी में विधायक खेल स्पर्धा-विधानसभा चन्दौसी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाडिघ्यों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन एवं संयम सिखाता है तथा उन्होंने खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम ने संबोधित करते हुए बताया कि इस विधायक खेल स्पर्धा से प्रथम स्थान प्राप्त खिलाडिघ्यों को आगे राज्य स्तर तक जाने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग 800 मीटर में प्रथम स्थान अजय और बालिका वर्ग में वंदना ने प्राप्त किया। जूनियर 400 मीटर बालक वर्ग में हेमंत एवं 1500 मीटर में मुकुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मी बालिका में प्रथम स्थान अदिती शर्मा ने प्राप्त किया। लंबी कूद सीनियर पुरुष वर्ग में फैजान जूनियर वर्ग में अभिषेक यादव और सब जूनियर में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर 100 मी कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनियाखेड़ा की टीम ने प्राप्त किया, सभी विजय खिलाडिघ्यों को मेडल ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू, जगजीत सिंह, चित्रवीर सिंह, अनुज कुमार, नितिन कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, ओलंपिक संघ के सचिव आशु शर्मा, जिला स्काउट अध्यापक प्रफुल्ल कुमार, डॉक्टर गौरव मिश्रा और अशोक पाठक उपस्थित रहे।

### तहसील भवन की छत पर पहुंचकर जिलाधिकारी ने किया मुआयना



**चन्दौसी।** संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम एवं सफाई निरीक्षक सुनील कुमार के साथ तहसील भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी तहसील भवन की दूसरी मंजिल से होते हुए तीसरी मंजिल पर पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। तहसील की तीसरी मंजिल पर गंदगी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी को स्वयं निर्देश देने पड़ रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि तहसील जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तहसील की तीसरी मंजिल पर नगरपालिका कर्मी सफाई करते हुए नजर आए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित रूप से सफाई कराई जाए तथा तहसील भवन में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यालय से ही आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं।

### गैंगस्टर एक्ट में दोषी को दो वर्ष एक माह एक दिवस का कारावास

**चन्दौसी।** अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय का हंटर लगातार चल रहा है, जिससे अपराधियों में भय का माहौल व्याप्त है। न्यायालयों द्वारा त्वरित एवं निर्णायक फैसले सुनाए जा रहे हैं। जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी की विशेष अदालत द्वारा गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में दोष सिद्ध होने पर आरा. ेपी को 02 वर्ष 01 माह 01 दिवस के कारावास तथा 05 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना चन्दौसी पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 604/2023 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त आकाश पुत्र रामावतार निवासी ग्राम धालवा थाना गौसाईंगंज जिला अयोध्या को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) सम्भल स्थित चन्दौसी, अवधेश कुमार सिंह ने दोष सिद्ध करते हुए उक्त सजा सुनाई। सजा कराए जाने में पीओ प्रदीप कुमार, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 विनोद कुमार राठौर तथा कोर्ट पैरोकार हे0का0 बृजपाल सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### पतरौआ नाले से मिले शव के हत्यारों तक पहुंची पुलिस

**चन्दौसी।** दरिंदों ने एक युवक की बड़ी बेरहमी से हत्या कर शव को बैग में भरकर पतरौआ रोड स्थित बड़ी ईदगाह के पास फेंक दिया। शनिवार को ईदगाह के समीप क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े शव को देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की, हालांकि प्रारंभ में शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करते हुए जांच का दायरा बढ़ाया और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक चुन्नी मोहल्ला का निवासी था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसकी पत्नी द्वारा पूर्व में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर शव की पहचान सुनिश्चित की। सीओ चन्दौसी मनोज कुमार के अनुसार पुलिस को घटना से संबंधित महत्वपूर्ण और सटीक जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त सबूत एकत्र होते ही घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा और दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस टीम विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

### डीसीएम ने नई कार को मारी टक्कर

**चन्दौसी।** तेज रफ्तार से आ रही एक माजदा (डीसीएम) वाहन ने नई कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा उस समय हुआ जब हरिओम कोहली, बालाजी एरोमेटिक, अपनी नई महिन्द्रा एक्सईवी 9ई कार से बदायूं की ओर से चन्दौसी की ओर आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार वन विभाग कार्यालय के पास पहुंची, अचानक सामने वाहन आ जाने के कारण उन्होंने ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही डीसीएम (माजदा) संख्या यूपी 38 टी 6033 के चालक अमानत अली ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार होने के कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और डीसीएम कार के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर लगने से कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज कुमार तोमर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कार स्वामी हरिओम कोहली ने बताया कि उन्होंने एक दिन पहले ही शोरूम से नई कार निकाली थी, जो हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई।



## आईएफटीएम में 'आधुनिक उद्योगों में कौशल की कमी और इसे दूर करने के तरीके' विषय पर वेबिनार आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के संयुक्त तत्वावधान में ''आधुनिक उद्योगों में कौशल की कमी और इसे दूर करने के तरीके'' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने वेबिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस वेबिनार में आईएफटीएम विश्वविद्यालय से डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से 2023 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में सऊदी अरब की 'एडवांस्ड ट्रांसपोर्ट कम्पनी' में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत श्री मोहम्मद शाहनवाज मुख्य वक्ता रहे। वेबिनार के दौरान मुख्य वक्ता श्री शाहनवाज 'जूम लिंक' के माध्यम से छात्र-छात्राओं से जुड़े। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सरकारी क्षेत्र के साथ ही विदेश में भी निजी क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाओं एवं विदेश जाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कंपनियों में पॉलिटेक्निक के अलग-अलग ट्रेड्स में डिप्लोमा हासिल करने के बाद बड़ी संख्या में दक्ष कर्मचारियों की जरूरत बढ़ती जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि विद्यार्थियों के पास हुनर है, तो फिर नौकरी की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्ष व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि इस वेबिनार से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिला है। साथ ही उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए यह भी कहा कि आगे भी हम इस तरह के लाभदायी आयोजन कराते रहेंगे। वहीं आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने एलुमनस व मुख्य वक्ता मो. शाहनवाज के सफल कॅरियर की सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की संयोजि. का व यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक की अपर निदेशिका डॉ. नीलू त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र शिक्षण संस्थानों के ब्रांड एंबेसडर की तरह होते हैं। आयोजन सचिव डॉ. संजीव कुमार सिंह ने सभी अतिथियों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आशीष नगीला, श्री नीरज कुमार, श्री अंकित अग्रवाल, मोहम्मद जावेद और श्री अरविंद चौधरी आदि फैकल्टी मैम्बर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस वेबिनार में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के 422 विद्यार्थियों के साथ ही कई अन्य फैकल्टी मैम्बर्स ने भी हिस्सा लिया।


मो. शाहनवाज

## शरीफनगर में प्रस्तावित पुलिस चौकी की जगह को लेकर जताई आपत्ति, ग्रामीणों ने समाधान दिवस अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र ठाकुरद्वारा के गांव शरीफनगर में प्रस्तावित पुलिस चौकी के विरोध में ग्रामीण शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा समाधान दिवस अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पुलिस चौकी के लिए चयनित स्थान पर आपत्ति जताई गई है। शनिवार को शरीफनगर के ग्रामीण ग्राम प्रधान नाजरीन के पति गयासुद्दीन नवाब के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील पहुंचे।

जहां उन्होंने समाधान दिवस अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि जिस स्थान पर पुलिस चौकी बनाने की तैयारी है, वहां पर दो साप्ताहिक बाजार लगते है। ग्रामीणों के अनुसार, इन साप्ताहिक बाजारों से ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष 18 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यदि यहां पुलिस चौकी का निर्माण होता है, तो ग्राम पंचायत को इस राजस्व का नुकसान होगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वर्ष 2016 में यह बाजार स्टेट हाईवे पर लगते थे, जिससे मार्ग जाम और दुर्घटनाओं की समस्या रहती थी। उस समय ग्राम पंचायत को कोई राजस्व भी नहीं मिलता था। वर्तमान में यह बाजार गाटा संख्या 478 पर लग रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 2021 से लेकर अब तक इन बाजारों के कारण न तो कोई दुर्घटना हुई है और न ही किसी प्रकार की जाम का समस्या उत्पन्न हुई है। यदि पुलिस चौकी का निर्माण इसी स्थान पर होता है, तो बाजार को फिर से ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर स्थानांतरित करना पड़ेगा, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की समस्या दोबारा बढ़ जाएगी।

ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर कराने की मांग की। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में खुर्शीद आलम, नसीर अहमद, मो0 अनीस अहमद, रेशमा, मो0 राशिद, यूसुफ, इरफान, हाजरा खातून, अधिवक्ता नौशाद उस्मानी, रिजवान, अब्दुल सत्तार, सईद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में विचार लेखन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत "शिक्षाख्र महिला सशक्तिकरण का माध्यम है" विषय पर विचार लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में शिक्षा के महत्व और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्य प्रो. चारु मेहरोत्रा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि मिशन शक्ति फेजख्र5.0 का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नारी को अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाती है, आर्थिक रूप से सशक्त करती है तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस प्रदान करती है। मिशन शक्ति महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास और समान अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाने का एक प्रभावी अभियान है। सशक्त नारी ही सशक्त भारत की आधारशिला है।

## विद्युत उपखण्ड कार्यालय पर किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** स्थित विद्युत उपखण्ड कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष ज्योति चौहान के नेतृत्व मे दर्जनों ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की, ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या होने पर बिजली विभाग मे कार्यरत कर्मचारी उनसे अभद्रता करते हैं। विद्युत उपखण्ड पर धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनसे कोई सक्षम अधिकारी बात नही करता वह धरना जारी रखेंगे इतना ही नही महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष ज्योति चौहान ने कहा कि यदि उनकी समस्या का निस्तारण नही होता है तो विद्युत उपखण्ड कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के द्वारा तालाबंदी की जाएगी।

बता दें कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा एक ज्ञापन एसडीएम प्रीति सिंह को भी सौंपा गया,जिसमें ग्राम गोपीवाला मे नालियों मे फैल रही गंदगी को दूर किए जाने व खराब पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन मे कहा गया है कि ठाकुरद्वारा से डिलारी तक विद्युत लाईन से टकरा रहे पेड़ो से भी समस्या उत्पन्न हो रही है। तथा ग्राम पंचायत शेरपुर बहलीन के मुंझरे ढकेड़ा मे विद्युत लाईन को सुचारू किया जाए।

धरना प्रदर्शन के दौरान ज्योति चौहान,संजीव कुमार, सोमंत सिंह, विजयपाल शिवानी कुमारी, नरेंद्र पाल सिंह,निशा आदि मौजूद रहे।



## मानवाधिकार व सामाजिक सुरक्षा प्रहरी ने किया एडवोकेट यूनिटी का गठन

**चन्दौसी।** मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के तत्वावधान में जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश सिंह चौहान ने अधिवक्ता कल्याण से संबंधित चार प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया तथा इन्हीं बिंदुओं के आधार पर आगामी रणनीति तैयार कर आंदोलन चलाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करेगा। बैठक के दौरान मानवाधिकार एडवोकेट यूनिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से नवनीत सिंह चौधरी एडवोकेट को अध्यक्ष तथा मोक्षिका शर्मा एडवोकेट को सचिव चुना गया। इसके साथ ही कशिश वार्ष्णेय, अखिलेश कुमार, सोनू, हर्षित, महक कश्यप, अभय कुमार, नवनीत सिंह यादव, राजकुमार आदि अधिवक्ताओं को संगठन का सदस्य मनोनीत किया गया।



**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पुत्री रजिया बी पत्नी मोहम्मद अहमद व दामाद मोहम्मद अहमद पुत्र सगीर निवासीगण मीरापुर का मजरा हनीफवाला तहसील स्वार जिला रामपुर को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
जाहिद अली पुत्र मुन्नन निवासी सिहोरा बाजे तह. व जिला मुरादाबाद।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 08337176 प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**कमल सिंह भारती पुत्र श्री प्रतिम सिंह ग्राम जलालपुर पो० इस्लामाबाद तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

## खुशहालपुर में आयोजित जिला आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में 250 स्कूली बच्चों ने किया प्रतिभाग

**मुरादाबाद।** विवेक विहार, शाहपुर रोड,खुशहालपुर में मुरादाबाद जिला आर्म रेसलिंग चौंपियनशिप का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 15 प्रतिष्ठित स्कूलों के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी शारीरिक शक्ति, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों की भारी उपस्थिति रही। आर्म रेसलिंग के विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में मुकाबले कराए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने दमखम, तकनीक और धैर्य का बेहत. रीन प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के दौरान दर्शकों ने तालियों और जयकारों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के बच्चों और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। आर्म रेसलिंग जैसे खेल से न केवल शारीरिक शक्ति का विकास होता है, बल्कि आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन भी बढ़ता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया गया।निर्णायक मंडल ने निष्पक्षता के साथ सभी मुकाबलों का संचालन किया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल सही मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने की।

समापन अवसर पर आयोजक मंडल ने सभी स्कूलों, कोचों, निर्णायकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन ने मुरादाबाद जिले में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देने का काम किया और भविष्य में ऐसे और आयोजन कराने की उम्मीद भी जताई गई।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No./Date | 262-DRM-MB-25-26 /Date: 19.12.2025 |
|---|---|
| Name of work | Provision of Electronic type track based rail gauge face lubricator-10 nos. under Sr. DEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date/Time | 14.01.2026 |
| Advertised Value(₹) | ₹1,60,80,173/- |
| Earnest Money(₹) | ₹2,30,400/- |
| Tender Cost(₹) | ₹5,000/- |
| Bidding Start Date | 31.12.2025 |
| Period of Completion | 60 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 19.12.2025 3947/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता /II/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 263-DRM-MB-25-26 Date 19.12.2025 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based rail Gauge Face Lubricator (Electronic type)-26 nos |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक / समय | 16.01.2026 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,18,08,452.40 |
| धरोहर राशि | 3,59,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.01.2026 |
| आफर की वैधता | 90 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 माह |

न. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 19.12.2025 3951/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता /III/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 199-DRM-MB-25-26 DATE 19.12.2025 | 260-DRM-MB-25-26 DATE 19.12.2025 | 261-DRM-MB-25-26 DATE 19.12.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based rail Guage Face Lubricator (Electronic Type)- 9 Nos. in the jurdiction of ADEN/BE under Sr.DEN-III/MB | Provision of 100 KL RCC OH Tank with plumbing pipe, pump house with bore in lieu of steel tank at Bilpur Railway Colony in jurisdiction of ADEN/SPN | Provision of Gang Tools Cum Rest Room in the Section of SSE/W/BE under ADEN/BE |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक / समय | 16.01.2026 16:00 | 12.01.2026 at 16:00 Hrs. | 12.01.2026 at 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 1,44,72,155.70 | 67,05,846.18 | 54,99,358.94 |
| धरोहर राशि | 2,22,400.00 | 1,34,100.00 | 1,10,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.01.2026 | 29.12.2025 | 29.12.2025 |
| आफर की वैधता | 90 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 Months | 08 Months | 08 Months |
| टेन्डर फार्म की लागत (रू०) | 5000.00 | - | - |

न. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 19.12.2025 3948/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विश्व कप टी-20 टीम से बाहर गिल



## भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन व रिंकू सिंह को शामिल किया गया

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज और उसके बाद होने वाले पुरुष टी-20 विश्व. कप कप 2026 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन और रिंकू सिंह को शामिल किया गया है। हाल ही में चोटिल हुए शुभमन गिल को टीम में जगह नहीं मिल पायी। यहां बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ हुई बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम से शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में गिल उप-कप्तान थे और चौथे मैच से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इस साल टी-20 में गिल का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ 291 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.25 और स्ट्राइक रेट 137.26 रहा और उनके नाम कोई अर्द्धशतक या शतक नहीं रहा। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाकर झारखंड को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले इशान किशन की भारतीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ 10 पारियों में 57-32 की औसत से 517 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 197-32 रहा। उन्होंने दो अर्द्धशतक और दो शतक बनाये, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जड़ा गया शतक (49 गेंदों पर 101 रन) भी शामिल है। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम दो टी-20 से बाहर होने वाले अक्षर पटेल को अब उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं एशिया कप में विजयी शॉट लगाने वाले रिंकू सिंह विश्व कप के लिए मुख्य टीम में वापस आ गए हैं। वॉलशगटन सुंदर भी इस बार मुख्य टीम का हिस्सा हैं। यही टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी खेलेगी। संजू सैमसन के अलावा किशन टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे। टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अन्य दो तेज गेंदबाज हैं। स्पिनरों में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव शामिल हैं। भारत टी-20 विश्वकप से पहले भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। टी-20 सीरीज 21 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जाएगी। 11 से 18 जनवरी तक खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।

**भारतीय टीम प्रकार है:-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उप-कप्तान) रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।



खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम व श्रीलंका के बीच रविवार से शुरु होगी पांच मैचों की टी-20 सीरीज

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** एकदिवसीय विश्वकप चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को पहली बार विशाखापत्तनम में शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में श्रीलंका की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट के पहले दो मैच विशाखापत्तनम में खेले जायेंगे। जिसके बाद सीरीज के आखिरी तीन मैचों तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यह सीरीज 30 दिसंबर तक चलेगी। पिछले महीने एकदिवसीय प्रारुप में विश्व चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला टीम का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। श्रीलंका सीरीज के लिए 15 सदीस्यी भारतीय टीम में विश्व कप जीतने वाली टीम के कई सदस्य, जिनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और प्लेयर ऑफ द सीरीज दीप्ति शर्मा शामिल हैं। कोच अमोल मजूमदार ने 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया है। कमलिनी यास्तिका भाटिया की जगह लेंगी, जो विश्व कप में चोट लगने के बाद रिहैब से गुजर रही हैं। इस बीच वैष्णवी को सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2025 में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस टूर्नामेंट में वह सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने आखिरी बार जुलाई में टी-20 सीरीज खेली थी और इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। श्रीलंका की टीम भारत सीरीज में अनुभवी चमारी अटापट्टू की कप्तानी में खेलेगी। यह सीरीज अगले साल जून-जुलाई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण


## छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से हार्दिक ने माफी मांगी

● **हार्दिक ने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के दौरान उनके छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से माफी मांगी और उनका हालचाल पूछा।

कल रात खेले गए इस मुक. ाबले में पांड्या की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच में जान डाल दी थी। उन्होंने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया। चोट इतनी तेज थी कि भारतीय डगआउट का ध्यान भी उस पर गया और असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट इस घटना पर साफ तौर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिखे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, कैमरामैन ने कहा कि वह ठीक है और मेडिकल स्टाफ से बर्फ की सिकाई करवाने के बाद भी उसने अपना काम जारी रखा। उसने कहा कि अगर गेंद उसे कहीं और लगी होती तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। मैच खत्म होने के तुरंत बाद हार्दिक सीधे उस कैमरामैन के पास पहुंचे और उसका हालचाल जाना। उसे गले लगाया और दर्द कम करने के लिए खुद बर्फ की सिकाई करने में मदद की। भारतीय स्टार ने कहा कि कैमरामैन खुशकिस्मत था कि गेंद उसके हाथ पर लगी न कि किसी और नाजुक जगह पर।

# हॉज का शतक, विंडीज 381/6



● **केवम हॉज ने नाबाद 109 रन एलेक ने 45 और ग्रिव्स ने 43 रनों की जुझारू पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** केवम हॉज (नाबाद 109), ऐलेक ऐथनेज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) की जूझारू परियों के दम पर वेस्टइंडीज ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को स्टंप्स के समय छह विकेट पर 381 रन बना लिए है। हालांकि वह न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से अभी भी 194 रन पीछे है। यहां वेस्टइंडीज ने कल के 110 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड को पहली सफलता जेकब डफी ने जॉन कैंपबेल (45) को टॉम लेथम के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद 35वें ओवर में उन्होंने ब्रैंडन किंग (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद केवम हॉज और टेविन इमलाक के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 56वें ओवर में माइकल रे ने टेविन इमलाक (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। ऐलेक ऐथनेज 57 गेंदों में (45), जस्टिन ग्रीव्स 69 गेंदों में (43) और कप्तान रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 381 रन बना लिए थे और केवम हॉज (नाबाद 109) और एंडरसन फिलीप (नाबाद 12) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी और एजाज पटेल ने दो-दो विकेट लिए।

## विजय हजारे टूर्नामेंट में मुंबई के लिए दो मैच खेलेंगे रोहित

● **शार्दूल ठाकुर मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे, सरफराज मुशीर और रघुवंशी भी शामिल**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय एकदिवसीय टीम के धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर मुम्बई टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में सरफराज खान, मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। इसके अलावा टीम में कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 2019 में इंडिया इमर्जिंग के लिए चार लिस्ट ए मैच खेलने वाले चिन्मय सुतार को टीम में जगह मिली है, साथ ही बल्लेबाज ईशान मुलचंदानी और तेज गेंदबाज ओंक. ार तरमाले को भी शामिल किया गया है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की नीलामी में ओंकार तरमाले को खरीदा था। जाने-पहचाने चेहरों में, सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तमोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी और तनुष कोटियन शामिल हैं। टीम में अलजक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे नहीं है। टूर्नामेंट में मुंबई ग्रुप सी में है। मुम्बई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। दो दिन बाद, वे उत्तराखंड का सामना करेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), रोहित, ईशान मुल. चंदानी, मुशीर खान, अंगकृष रघुवंशी, सरफराज, सिद्धेश, चिन्मय, आकाश (विकेटकीपर), हार्दिक(विकेटकीपर)

## श्रीलंका ने टी-20 विश्व कप के लिए शनाका की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की



कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑलराउंडर दासुन शनाका की अगुवाई में 25 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा की है। चयनकर्ताओं ने टीम में पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा और पूर्व कप्तान असलंका जैसे सफेद गेंद क्रिकेट का अनुभव रखने वाले मजबूत खिलाड़ियों को शामिल किया हैं। ऑलराउंडर के तौर पर वानिंदु हसरंगा, धनंजय डी सिल्वा, कामिंदु मेंडिस और दुनिथ वेल्लालागे बल्ले और गेंद दोनों से संतुलन प्रदान करते हैं। गेंदबाजी यूनिट में दुशमंथा चमीरा और मथीशा पथिराना जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज शामिल हैं, साथ ही मिस्ट्री स्पिनर महेश थीक्षाना भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, ईशान मलिंगा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू जैसे कई युवा खिलाड़ियों को भी टूर्नामेंट से पहले अपनी जगह बनाने का मौका मिला है।

टीम में 2024 में हुए पिछले टी-20 विश्व कप के तेरह खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के अगले एडिशन के लिए बरकरार रखा गया है। इनमें शनाका, हसरंगा, असलंका, कुसल मेंडिस, निसांका, कामिंदु मेंडिस, डी सिल्वा, थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालागे, चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम टीम की पुष्टि सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के करीब की जाएगी।

**आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए श्रीलंका की प्रारंभिक टीम इस प्रकार है:-** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, निरोशन डिकवेला, जेनिथ लियानगे, चैरिथ असालंका, कामिंडु मेंडिस, पवन रथनायके, सहान अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, मिलन रथनायके, नुवान तुषारा, ईशान मललगा, दुष्मंथा चमीरा, प्रमोद मदुशन। मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महेश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू।

## तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया



● **अवॉर्ड मिलने के बाद तिलकर ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर, एक बहुत ही खास इंसान से इस पाकर अच्छा ही लगा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अगल-अगल परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' पदक से सम्मानित किया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' इंडिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20आई सीरीज 2025 टाइटल वाले एक वीडियो में, तिलक को भारतीय टीम के ट्रेनिंग असिस्टेंट राघवेंद्र द्वगी ने पदक प्रदान किया। जब भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांचवें और आखिरी टी-20ᵖ में 30 रन से जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम की। ड्रेसिंग रूम में हुए पुरस्कार समारोह में राघवेंद्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करने में धैर्य, आत्मविश्वास और लचीलेपन के महत्व के बारे में बात की।

भारत की यह जीत लगातार आठवीं टी-20 सीरीज जीत थी, जो सबसे छोटे प्रारुप में टीम की निरंतरता को दिखाती है। सीरीज के निर्णायक मैच में तिलक ने 42 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 73 रनों की शानदार पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए, सलामी बल्लेबाजों द्वारा मजबूत नींव रखने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ एक महत्वपूर्ण शतकीय साझेदारी की, जिससे भारत 231 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचा। अवॉर्ड मिलने के बाद तिलक ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर और एक बहुत ही खास इंसान से इसे पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से हमने दबाव में खेला, वह देखना बहुत अच्छा था। आने वाली न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप में हमारी परीक्षा होगी, और आइए हम उसी रवैये के साथ उन्हें जीतें। तिलक ने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर चार पारियों में 62-33 की शानदार औसत और 131-69 के स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए। उनके खाते में दो अर्द्धशतक शामिल थे, जिसमें 73 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पूरी सीरीज के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपनी अनुकूलन क्षमता और खेल की समझ का प्रदर्शन किया। पहले टी-20 में, नंबर 4 पर 32 गेंदों में उनके 26 रनों की सधी हुई पारी ने भारत को शुरुआती 48 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद संभालने में मदद की, जिससे बाद में बड़े स्कोर की नींव रखी गई। दूसरे मैच में, 214 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, तिलक ने नंबर 5 पर 34 गेंदों में शानदार 62 रन बनाकर अकेले ही लड़ाई लड़ी, जबकि उनके आस-पास विकेट गिरते रहे। इसके बाद उन्होंने तीसरे टी-20 में नाबाद 26 रन बनाकर मैच खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।

# कमिंस-नेथन ने इंग्लैंड को हार की ओर धकेला



● **पैट कमिंस और नेथन लॉयने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**एडिलेड, वार्ता।** ट्रैविस हेड (170) और एलेक्स कैरी (72) की शानदार बल्लेबाजी के बाद पैट कमिंस और नेथन लायन (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को दूसरी पारी में 349 का स्कोर करने के बाद 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के दूसरी पारी में 207 के स्कोर पर छह विकेट झटक कर उसे हार की ओर धकेल दिया है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। उन्हें जॉश टंग ने आउट किया। ट्रैविस हेड ने 219 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 170 रनों की पारी खेली। 79वें ओवर में बेन स्टोक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे एलेक्स कैरी को अपना शिकार बना लिया। एलेक्स कैरी ने 128 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 72 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद इग्लिस गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर हावी हो गए और जल्द ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी को 84-4 ओवर में 349 के स्कोर पर समेट दिया। जॉश इंग्लिस (10), पैट कमिंस (छह), नेथन लायन (शून्य) और स्टॉक बोलैंड (एक) रन बनाकर आउट हुये।

इंग्लैंड की ओर से जॉश टंग ने चार और ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिए। जोफा आर्चर, विल जैक्स और बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप भी 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जो रूट ने जैक क्रॉली के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में पैट कमिंस ने जो रूट (39) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हैरी ब्रूक (30), कप्तान बेन स्टोक्स (पांच) को नेथन लायन ने आउट किया। इंग्लैंड का छठा विकेट 54वें ओवर में जैक क्रॉली के रूप में गिरा। उन्हें भी नेथन लायन ने आउट किया। जैक क्रॉली ने 151 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 207 रन बना लिए है और उसे मैच जीतने के लिए 228 रनों की जरूरत है। उसके पास अब केवल चार विकेट शेष है। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ (नाबाद दो) और विल जैक्स (नाबाद 11) क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और नेथन लायन ने (तीन-तीन विकेट) झटके।

## ब्राजील विश्व कप से पहले फ्रांस क्रोएशिया के साथ खेलेगा मैत्री मैच

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेड रेशन ने कहा है कि उनकी राष्ट्रीय टीम अगले साल फीफा विश्व कप की तैयारी के लिए अमेरिका में फांस और क्रोएशिया के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। सीबीएफ के बयान के अनुसार, पांच बार की विश्व चैंपियन टीम 26 मार्च को बोस्टन में फांस का सामना करेगी, जिसके बाद 31 मार्च को ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैच होगा। ये मैच ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी को विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले खिलाड़ियों का आकलन करने का आखिरी मौका देंगे। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जायेगा। ब्राजील ने 10 टीमों वाली द. अमेरिकन क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर रहकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया।

## न्यूजीलैंड ने अंडर-19 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**ऑकलैंड, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड ने टॉम जोन्स की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) की वेबसाइट के अनुसार ओटागो के ओपनर टॉम जोन्स को टीम का कैप्टन बनाया गया है। जोन्स का यह दूसरा अंडर-19 विश्वकप है। टीम दो जनवरी को अफ्रीका के लिए रवाना होगी। जोन्स ने पिछले महीने ओटागो के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में 119 रन बनाकर अपनी काबिलियत दिखाई थी। टीम में जोन्स के साथ डोमेस्टिक कैप वाले प्लेयर्स में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बैट्समैन स्नेहिथ रेढी और विकेटकीपर आर्यन मान, ओटागो के फास्ट बॉलर मेसन क्लार्क और ऑकलैंड के बॉलिंग ऑलराउंडर जसकरण संधू शामिल हैं। रेड्डी व क्लार्क ने इस साल की शुरुआत में ए सूची में डेब्यू किया था।

### फिलिप के 96 रन व एडवर्ड्स के पांच विकेट की मदद से सिडनी सिक्सर्स ने सीजन की पहली जीत हासिल की

**सिडनी, वार्ता।** जॉश फिलिप के (96) और बाबर आजम (58) के अर्धशतकीय पारियों के बद जैक एडवर्ड्स के (पांच विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 47 रनों से हरा दिया है। यह सिडनी सिक्सर्स की सीजन की पहली जीत है। यहां खेले गए मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बाबर आजम ने अपना पहला बीबीएल में अर्द्धशतक लगाया, और शानदार फॉर्म में चल रहे जॉश फिलिप के साथ मिलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे सिक्सर्स ने थंडर को हराकर जीत दर्ज की। बाबर ने 42 गेंदों में 58 रन बनाकर सिक्सर्स की पारी को संभाला और फिलिप के साथ दूसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की, जो आखिरी ओवर में 57 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हो गए। डैनियल ह्यूजेस ने 25 रनों की पारी खेली। थंडर के लिए रीस टोपले ने तीन विकेट लिये। नाथन मैकएंड्र्यू को दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी थंडर शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये।

# गोकशी की घटना का बिलारी पुलिस ने किया खुलासा, मुठभेड़ में दो आरोपी हुए गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जनपद के थाना बिलारी क्षेत्र में गोकशी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना दिनांक 14/15 दिसंबर 2025 की रात्रि की है, जब ग्राम सिकारपुर के जंगल में गोवंशीय पशुओं के अवशेष बरामद हुए थे। इस संबंध में थाना बिलारी पर गौवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी के नेतृत्व में मामले की गहन जांच शुरू की गई। इसी क्रम में दिनांक 19/20 दिसंबर 2025 की रात्रि थाना बिलारी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर संदिग्धों की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद हुई पुलिस मुठभेड़ में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सेबू पुत्र गुलाम मदार निवासी ग्राम गुरेर थाना मैनाठेर, हाल निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूढ़ापांडे जनपद मुरादाबाद तथा आसिफ पुत्र समीम निवासी ग्राम ककराली माफी थाना डिडौली जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर, पांच खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, पशु काटने के उपकरण तथा एक वैगनार कार बरामद की है।पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि ग्राम सिकारपुर में हुई गोकशी की घटना को उन्होंने ही अंजाम दिया था और अपने साथ शामिल फरार अभियुक्तों के नाम रजा पुत्र रफेदीन एवं दुला उर्फ नावेद पुत्र मुश्तकीम निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूढ़ापांडे जनपद मुरादाबाद बताए हैं। पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश में दबिश दे रही है। मामले में पुलिस की अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

# टीएमयू में यूपी आर्किटेक्ट्स प्रीमियर लीग का रंगारंग आगाज

## आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन-एमएए की ओर से डे-नाइट आर्किटेक्ट्स प्रीमियर लीग-एपीएल में फर्स्ट डे हुए तीन मुकाबले





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कड़ाके की ठंड एवम् कोहरे की धुंधली चादर के बावजूद डे-नाइट मुकाबलों में यूपी के आर्किटेक्ट्स का जोश और जुनून तारीफ-ए-काबिल रहा। टीएमयू क्रिकेट स्टेडियम के चौतरफा क्रिकेट प्रेमियों की तालियां, सीटियां, ढोल की थाप निरंतर खिलाड़ियों की देर शाम तक हौसलाफजाई करती रही। टीएमयू क्रिकेट स्टेडियम में पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल बना रहा। मुरादाबाद के इतिहास में फर्स्ट टाइम यूपी आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन- यूपीएए की ओर से आर्किटेक्ट्स प्रीमियर लीग-एपीएल का रंगारंग आगाज हुआ। बतौर मुख्य अतिथि तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति सुरेश जैन, वरिष्ठ आर्किटेक्ट श्री वाईपी गुप्ता के संग-संग मुरादाबाद आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने दीप प्रज्जवलन के संग गुब्बारे उड़ाकर एपीएल श्रीगणेश किया। इन सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। 12-12 ओवर की इस एपीएल में मेजबान मुरादाबाद के अलावा यूपी के सात शहरों- मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, प्रयागराज, बुलंदशहर, आगरा और बरेली की टीमें अपनी किस्मत आजमा रही हैं। एपीएल में लगभग 200 आर्किटेक्ट्स अपना हुनर दिखाएंगे। फर्स्ट डे प्रयागराज बनाम बुलंदशहर, मेरठ बनाम बरेली और नोएडा बनाम गाजियाबाद के बीच मुकाबले हुए। प्रयागराज बनाम बुलंदशहर के सुपर ओवर के रोमांचक मुकाबले में प्रयागराज ने 08 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे बुलंदशहर ने आसानी से भेदकर जीत दर्ज की। बरेली से मुकाबले में मेरठ ने 109 रनों के लक्ष्य को 09.2 ओवर में प्राप्त करके आसान जीत प्राप्त कर ली। खब्बर लिखे जाने तक नोएडा और गाजियाबाद के बीच मुकाबला जारी है। दूसरी ओर क्लार्क्स इन, मुरादाबाद के पूलसाइड लॉन में 19 दिसंबर को निर्माण सामग्री एवं भवन उद्योग से जुड़े विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड्स की प्रदर्शनी लगी। एपीएल के दौरान एमएए के उपाध्यक्ष भारत मलिक, महासचिव अंतरिक्ष राठी, संयोजक आरके मलिक, सह-संयोजक मयूर गुप्ता, मेरठ के संयोजक अंकित अग्रवाल, सह संयोजक अक्षत गर्ग, यूपीएए स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन योगेश त्यागी आदि मौजूद रहे। एमएए के अध्यक्ष निर्भय नाथ दीक्षित के अनुसार इस लीग का उद्देश्य केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्किटेक्ट्स को आपसी संवाद, सहयोग और सौहार्द का मंच प्रदान करना भी है।

## राष्ट्रीय पुजारी परिषद करेगा गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए आंदोलन

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय पुजारी परिषद महानगर मुरादाबाद एवं देहात जिले की संयुक्त बैठक शनिवार को सम्राट अशोक नगर स्थित श्री महाक. ालेश्वर बालाजी धाम मंदिर ट्रस्ट परिसर में संपन्न हुई। बैठक में मुरादाबाद में बह रही श्री परशुराम गंगा को प्रदूषण मुक्त करने को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया तथा आंदोलन की रूपरेखा तय की गई।बैठक में परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी ने कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों के प्रति हिंदू समाज की गहरी आस्था है। अमावस्या, पूर्णिमा व अन्य पर्वों पर लोग स्नान, दान और पूजन कर आत्मिक शांति का अनुभव करते हैं। मान्यता है कि गंगा स्नान से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं, लेकिन मुरादाबाद में बह रही श्री परशुराम गंगा की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष आचार्य कामेश्वर मिश्र, आचार्य गणेशानंद जी, कृष्णा कांत शास्त्री, पंडित रवीश पाठक, सुभाष चंद्र दीक्षित, पंडित शिवकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुजारी, महंत एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ठंड से बढ़ी ठिठुरन, गांव में भी अलाव जलवाए जाने की मांग



**कांठ ( शाह टाइम्स )** ठंड से ठिठुरन बढ़ गई जिससे गांव के कमजोर वर्ग के लोगों की मुसीबतें भी बढ़ गई लोगों ने गांव में भी अलाव जलवाए जाने की मांग उठाई है। बतादें कि कोहरा छाए रहने के कारण दो दिनों से सूरज के दर्शन नहीं हुए हैं जिसकी वजह से मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है कोहरे से ठंड बढी और ठंड के चलते हवा चली तो ठिठुरन भी बढ़ गई इससे कमजोर वर्ग के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया।

गरीब मजदूर लोगों का घर में रहना और घर से निकलना भी मुश्किल हो गया गांव में काफी बड़ी संख्या में किसान मजदूर खेतों में जाकर काम करते हैं।

लेकिन उन्हें शाम को भारी ठंड का सामना भी करना पड़ता है नगरों और शहरों में तो अलाब जलाए जाने की व्यवस्था काफी समय से चली आ रही है लेकिन गांव के लोग इस सुविधा से भी वंचित हैं।

अब गांव के लोगों ने भी ग्राम पंचायत स्तर से जगह-जगह पर अलाव जलवाए जाने की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# जमीन तो मिली नहीं मिला कब्जा, दिव्यांग ब्रदर्स ने तहसील दिवस में लगाई कब्जा दिलाने की गुहार



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** तहसील समाधान दिवस में पहुंचे आज तीन दिव्यांग भाइयों ने प्रार्थना पत्र देकर उनकी जमीन पर कब्जा दिलाए जाने की मांग उठाई। तहसील क्षेत्र के गांव राजीपुर खादर निवासी रामनाथ, विनोद और रिशिपाल पुत्रगण फूल सिंह ने बताया कि उनके पिता फूल सिंह के नाम खेती की जमीन थी जिस पर उन्होंने बैंक से कर्ज भी लिया लेकिन जमीन उनके पास आज तक नहीं आई फूल सिंह के मरने के बाद जमीन तीनों भाइयों के नाम आ गई मगर जमीन का कब्जा उन्हें आज तक भी नहीं मिल पाया। इन तीनों भाइयों का कद काफी छोटा है और इनमें भी दो भाइयों के पर मुड़े होने के कारण यह दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं।

पीड़ितों के मुताबिक जमीन पर कब्जा न होने के कारण वह भिक्षा मांग कर अपना पेट पालने को मजबूर हैं उनका कहना था कि जिसने जहां बताया वह वहां जाकर अपनी शिकायत कर चुके हैं लेकिन उन्हें उनकी जमीन पर कब्जा आज तक नहीं मिल पाया है।

आज फिर तीनों भाइयों ने तहसील पहुंचकर उन्हें न्याय दिलाने जाने की मांग की है। तहसील दिवस अधिकारी ने इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### समाधान दिवस में निपटीं दो शिकायतें, एडीएम प्रशासन ने सुनीं शिकायतें



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने जनता की शिकायतों को सुना, कुल 44 में से तीन का त्वरित निस्तारण किया गया बाकी के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। एडीएम ने कहा प्रति सप्ताह शुक्रवार को ब्लॉकों के दो ग्रामों ग्राम चौपाल का आयोजन होता है वहां जनता की शिकायतों को सुनकर निस्तारण करें शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। दिवस में कुंदरकी विकासखंड के अब्दुल्लापुर और ताहरपुर अव्वल ग्रामों में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी को 15 दिन में समाधानकी जिम्मेदारी सौंपी गई। दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, सीओ अशोक कुमार सिंह,खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह,एसडीओ अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### ब्राइट फ्यूचर में क्रिसमस के मौके पर हुआ फन फिएस्टा



**बिलारी।** ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में क्रिसमस उत्सव और नववर्ष के स्वागत के मौके पर फन फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने खेल के अलावा खान-पान का भी लुफ्त उठाया, इसके अलावा रंगा. रंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने जमकर हिस्सा लिया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और बच्चों को शुभकामनाएं दी। शनिवार को ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया। क्रिसमस और न्यू ईयर की खुशियों को मनाया गया। इस बीच भारी तादात में अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों ने अनेकों खेलों का आनंद लिया। लाइव म्यूजिक व मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने बच्चों का मन मोहा। इस मौके पर गेम स्टाल,फूड स्टॉल आदि लगाए गए। इसके अलावा पेंटिंग व टैटू आदि के अलावा रचनात्मक गति. विधियां भी हुई। प्रधानाचार्य स्नेहा शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ विद्यालय व अभिभावकों के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करते हैं। इस मौके पर निदेशक रतीश शर्मा, नेहा शर्मा ने सभी का स्वागत और सम्मान किया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अध्यापकों में अंशु चौधरी, लता, पल्लवी राठौर,उर्वशी, आयुषी सैनी, दीपाली चौधरी, सत्येंद्र, अर्चना, श्रावणी, शोभित सिंह, मनीष,शशि, अलशिफा, लाइवा, तनीषास सत्यम आदि ने सहयोग दिया।

# चरस के साथ युवक दबोचा, भेजा जेल

**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जलालपुर मोड़ के पास कच्चे रास्ते पर संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 380 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू खान पुत्र मेहंदी हसन, निवासी मोहल्ला सादात पूर्वी कुंदरकी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने चरस बेचने के उद्देश्य से लाने की बात कही, लेकिन चरस कहाँ से प्राप्त की इसकी जानकारी नहीं दे सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। और कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## चीनी मिल ने किसानों को भेजो 9 करोड़ 82 लाख का गन्ना मूल्य भुगतान

**बिलारी।** राजा का सहसपुर स्थित श्री लक्ष्मी जी शुगर मिल ने 7 दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया। शनिवार को 5 दिनों का भुगतान किसानों के खातों में भेजा गया है। अभी तक चीनी मिल द्वारा 16.50 लाख कुंतल गन्ने की पेराई तथा रिकवरी औसत 10.48 प्रतिशत की पेराई की गई है। समिति के सचिव ने बताया कि चीनी मिल द्वारा भुगतान किया गया है। चीनी मिल के उपाध्यक्ष ने बताया कि गन्ने का भुगतान लगातार किया जाता रहेगा। किसान साफ सुथरा गन्ना ही मिल को सप्लाई करें।

# नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा दिन सम्पन्न





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र के चतुर्थ दिन का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत ष्इतनी शक्ति हमें देना दाताष् प्रार्थना के साथ हुई। श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) ने पहले सेशन में ष्बचाव दल और उसके उपकरणष् के बारे में बताया। उन्होंने बचाव दल के महत्व और उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दूसरे सेशन में श्री नीरज चक, उपनियंत्रक ने ष्भवन के प्रकार, ढहने के स्वरूप और बचाव के आपातक. ालीन तरीकेष् को समझाया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के भवनों और उनके ढहने के स्वरूपों के बारे में बताया और बचाव के आपातकालीन तरीकों पर चर्चा की। चौथे दिन के अंतिम सेशन में श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक ने बचाव के स्थान और चरणों का सर्वेक्षण पर चर्चा की। उन्होंने बचाव के स्थानों और चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सर्वेक्षण के महत्व पर जोर दिया। मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, अशोक कुमार गुप्ता, वसीम अख्तर, शरीफ अहमद, वसीम अंसारी, शब्रेज आलम, उमेश शर्मा आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

# नए वोट बनाए जाने को लेकर आ रही दिक्कत को सपा विधायक फहीम इरफान से कराया अवगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शनिवार को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान मुरादाबाद से सिरसी की ओर जा रहे थे, तभी महमूदपुर माफी नगर पंचायत में पहुंचने पर वहां के नागरिकों ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान की गाड़ी रूकवाई। इसके बाद नागरिको ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से मिलकर नए वोट बनाए जाने को लेकर आ रही दिक्कतो के बारे में जानकारी दी। नागरिकों का कहना है कि नए वोट बनवाए जाने को लेकर बीएलओ द्वारा जन्म प्रमाण पत्र की मांग अनिवार्यता के रूप में की जा रही है। जबकि उनके पास अन्य दस्तावेज भी उपलब्ध हैं, उन दस्तावेजों से उनके वोट नहीं बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा कई मतदाता ऐसे मिले जिन्होंने बताया कि उनके विगत वर्षों में वोटर लिस्ट में वोट थे परंतु इस वर्ष वोट कट जाने के कारण उनके गणना प्रपत्र नहीं आ पाए हैं। गणना प्रपत्र न पहुं. चने के कारण उनके एसआईआर फॉर्म नहीं भरे जा चुके हैं और उनके नए वोट बनवाने के लिए भी कोई दिशानिर्देश बीएलओ को नहीं मिले हैं। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि वह आपकी समस्या को लेकर उपनिर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन अधिकारी से मिलकर आपकी समस्या को हल कराएंगें। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, जुबैर अंसारी, हाजी कदीर, नदीम, फहीम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर के तत्वाधान में महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल और महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद वंदेमातरम गायन के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल और महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने संयुक्त रूप से की। संचालन जिला मंत्री चकित चौधरी ने किया। कार्यशाला में बोलते हुए जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक दूरदर्शी राजनेता थे जिन्होंने भारत को 21वीं सदी में अग्रसर किया। उनके सुशासन की विरासत में पोखरण-द्वितीय परियोजना, कारगिल युद्ध के दौरान उनका नेतृत्व और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शुभारंभ जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा कि अटल स्मृति वर्ष में सभी कार्यक्रम जिला और महानगर में मंडल स्तर पर होने हैं। जिला और महानगर के सभी बूथों पर अटल जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करनी है। 24 दिसंबर को अटल जयंती से पूर्व अटल स्मारकों की साफ सफाई करनी है और 25 दिसंबर को जगह जगह उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करना है।

महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाव पूर्ण संदेश में लिखा है कि 25 दिसंबर का दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। अटल जन्मशताब्दी के अवसर पर अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत 24 दिसंबर को उनकी स्मृति में उनके सभी स्मारकों पर साफ सफाई कर स्मारकों पर उनकी प्रतिमा के सामने दीपोत्सव का आयोजन करना है।

कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, कमल प्रजापति, हरज्ञान सिंह, हुकुम सिंह, आचार्य नरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह चौहान, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, प्रांतीय परिषद सदस्य संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, नवदीप टंडन, विशाल त्यागी, राहुल शर्मा, चंद्र प्रजापति, हेमराज सैनी, चकित चौधरी, भजनलाल, नवीन चौधरी, अनुपेंद्र चौधरी, धर्मेश सैनी, अभिषेक चौबे, आदेश चौधरी, सिंपल चौहान, कशिश चौहान, सुनीता शर्मा, शशी किरण, सर्वेश पटेल, गेत्र पाल सिंह, विजय लक्ष्मी पंडित, सुनीता सैनी, पूर्णिमा खन्ना, विनीता मल्होत्रा, कपिल गुप्ता, विपिन प्रजापति, सूर्य मोहन शमश. ेरी, सोमपाल प्रजापति, महेश सैनी, रोहित चौधरी, अश्वनी शर्मा, सौरभ आदि जिला, महानगर, मंडल, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और पार्षदगण शामिल रहे।



गोवा। स्थानीय निकाय चुनावों में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत व उनका परिवार।

### ढाका में सुपुर्द-ए-खाक किए गए उस्मान हादी, नमाज-ए-जनाजे में शामिल हुए यूनुस

**ढाका।** ढाका में उस्मान हादी के नमाज–ए–जनाजे के बाद उन्हें ढाका में ही दफन किया गया है। बता दें कि करीब एक हफ्ते पहले एक जनसभा के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी और सिगापुर में पांच दिन के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद बीते दिन उनका शव ढाका लाया गया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी छात्र नेता उस्मान हादी के नमाज ए जनाजा में शामिल हुए। इस दौरान सराकर के वरिष्ठ अधिकारी और हजारों लोग भी मौजूद रहे।

# बंगलादेश में गहराता संकट, लंबी निष्क्रियता का परिणाम

## कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव, पड़ोसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा

**नई दिल्ली।** बंगलादेश में भीड़ की हिंसा, सत्ता का कमजोर होना और कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह पघेसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा है।



■ इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल हो गया था गरम

मैमनसिह के भालुका में फैक्ट्री मजदूर दीपु चंद्र दास की भीड़ द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में हत्या किया जाना कानून और सार्वजनिक व्यवस्था के पतन को दर्शाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनके शव को जलाने का प्रयास और उसके बाद की अराजकता इस बात की ओर संकेत करती है कि समाज में भय ने संस्थानों पर हावी होना शुरू कर दिया है। यह हिंसा कोई अलग घटना नहीं है। इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल गरम हो गया था। कट्टर समूहों, चरमपंथी नेटवर्क और अवसरवादी राजनीतिक तत्वों ने अनिश्चितता और प्रशासनिक जड़ता का लाभ उठाया है। पुलिस की प्रतिक्रिया इन मामलों में कमजोर रही है और ये आरोप लगते रहे हैं कि सुरक्षा बलों को हिंसक भीड़ के खिलाफ कार्रवाई न करने के निर्देश दिए गए थे। कई मामलों में, कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुले हमलों के बावजूद निष्क्रिय रहीं। संकट अब गंभीर बाहरी स्वरूप भी ले चुका है। चटगांव में भारतीय दूतावास पर हमले और ढाका, खुलना और राजशाही में भारतीय मिशनों की ओर रैली के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय नियमों को सीधे चुनौती देते हैं। ये घटनाएँ दिखाती हैं कि भारत विरोधी भावनाओं का इस्तेमाल इस क्षेत्र को अस्थिर करने और भारत के पूर्वी हिस्से को कमजोर करने की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समुदाय, विशेषकर हिंदू, फिर से धमकियों, हिंसा और सामाजिक दबाव का सामना कर रहे हैं। भारत विरोधी नारों और संगठित दुश्मनी से यह स्पष्ट होता है कि यह स्वाभाविक अशांति नहीं, बल्कि वैचारिक रूप से संगठित आंदोलन है। कट्टर इस्लामी संगठन आत्मविश्वास हासिल कर चुके हैं, व्यापारिक गति. विधियां धीमी हो गई हैं और कई क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन बाधित हुआ है। ये सभी संकेत गहरे संरचनात्मक संकट के हैं।

भारत की स्थिति पिछले साल की लंबी निष्क्रियता के कारण और नाजुक हो गई है। उस समय जब बंगलादेश के बड़ी आबादी को यह उम्मीद थी कि भारत स्थिरता और सुधार में मदद करेगा, तब भारत ने अधिकतर सतर्क रुख अपनाए रखा। निर्णायक हस्तक्षेप की कमी ने वह खाली स्थान पैदा किया जिसे कट्टर ताकतों ने तेजी से भर लिया। बंगलादेश की विफलता केवल राजनीतिक दलों या नागरिक संस्थाओं के कारण नहीं है। इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार सेना है। जब जनता की सुरक्षा और संवैधानिक व्यवस्था सीधे तौर पर खतरे में थी, तब बंगलादेश की सेना ने बार–बार हस्तक्षेप ना करने का विकल्प चुना। भीड़ ने शेख हसीना के आवास पर हमला करने का प्रयास किया, तब भी सेना निष्क्रिय रही। भारी हिंसा के दौरान, अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले के बावजूद सेना चुप रही।

## तोशाखाना केस में पाकिस्तान की अदालत ने सुनाया फैसला

# इमरान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ओर उनकी पत्नी बुशरा बीबी को राज्य के लग्जरी उपहारों की कम कीमत पर खरीद से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में शनिवार को 17 साल की कैद की सजा सुनाई। विशेष केंद्रीय न्यायाधीश शहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अति सुरक्षा वाली अदियाला जेल के अंदर आयोजित सुनवाई के दौरान सुनाया। खान इसी जेल में बंद हैं। अभियोजन के अनुसार, मामला मई 2021 में आधिका. रिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा खान को उपहार में दी गई महंगी बुलगारी ज्वेलरी सेट से संबंधित है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के रिपोर्ट के अनुसार, ज्वेलरी की कीमत लगभग 80 मिलियन रुपये थी, कथित तौर पर खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई, जो इसकी मूल्यांकन कीमत का एक छोटा हिस्सा थी। अदालत ने खान को कुल 17 साल की कैद की सजा सुनाई, जिसमें पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 34 (साझा इरादा) और 409 (आपरा. धिक विश्वासघात) के तहत 10 साल की कठोर कैद, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के तहत अतिरिक्त सात साल शामिल हैं। सुबुशरा



■ कोर्ट ने 16.40 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2 करोड़ की घड़ी को 5 लाख का बताया था
■ ज्वेलरी की कीमत 80 मिलियन रुपये थी, इमरान खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई

बीबी को भी इसी कानूनी प्रावधानों के तहत समान सजा दी गई है। दोनों पर 16. 4 मिलियन रुपये जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना न चुकाने पर अतिरिक्त कैद होगी। अदालत ने दंड प्रक्रिया सं. हता की धारा 382–बी का लाभ दिया, जिससे पहले से काटी गई हिरासत की अवधि सजा में गिनी जाएगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उसने खान की उम्र और सुबुशरा बीबी के महिला होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें 'उदार' सजा दी। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि खान की तोशाखाना मामले में सजा उनकी वर्तमान सजा पूरी होने के बाद शुरू होगी। इस बीच पीटीआई ने फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे 'कंगारू कोर्ट' का परिणाम बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी ने दावा किया कि खान के परिवार को सुनवाई में शामिल होने से रोका गया और जेल में बंद दरवाजे वाली सुनवाई को 'न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष' बताया, इसे सैन्य मुकदमे से तुलना की। पीटीआई नेताओं ने तर्क दिया कि मामले में विश्वसनीय सबूतों की कमी थी और यह कमजोर गवाहियों पर आधारित था, जबकि अयूब ने कहा कि फैसला पाकिस्तान में कानून के शासन की अनुपस्थिति को दर्शाता है। खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया कि फैसला पहले से तय था और जल्दबाजी में सुनाया गया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने समय और प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाए तथा सुबुशरा बीबी की कथित अवैध एकांत कारावास के बारे में चिंता जताई। खान और सुबुशरा ने सभी आरोपों से लगातार इनकार किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं और सार्वजनिक जीवन से अयोग्य ठहराने के उद्देश्य से हैं। गौरतलब है कि अप्रैल 2022 में सत्ता से हटाए जाने के बाद से खान कई कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों के अलावा वह 09 मई 2023 के हिसक प्रदर्शनों से संबंधित आतंकवाद निरोधक अधि. नियम के तहत भी मुकदमों का सामना कर रहे हैं।वह अगस्त 2023 से जेल में हैं और वर्तमान में अलग 190 मिलियन पाउंड के भूमि भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। सुबुशरा बीबी भी इसी मामले में सात साल की सजा काट रही हैं।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस समेत दो ट्रेनों को बनाया निशाना

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने रेल पटरियों को निशाना बनाकर बम धमाके किए, जिससे जाफर एक्सप्रेस समेत दो यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। इन धमाकों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा और ट्रेन सेवाएं अस्थाई रूप से बाधित करनी पड़ीं। क्वेटा के सीनियर सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस (एसएसपी) शाहिंद नवाज ने बताया कि शुक्रवार को मुश्काफ इलाके में हुए एक बम धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इन दोनों घटनाओं में जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया गया था। धमाकों के बाद मुख्य रेल लाइन पर ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से क्वेटा से पाकिस्तान के अन्य प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। एसएसपी नवाज ने कहा कि शनिवार से क्वेटा से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों के समय–सारिणी को सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। क्वेटा से बाहर जाने वाली सभी ट्रेनों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा चिंताओं के बीच शनिवार को जाफर एक्सप्रेस की एक विशेष सेवा को पेशावर के लिए रवाना होने की अनुमति दी गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष सेवा चलाई गई, जबकि सामान्य ट्रेन सेवाएं सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

# भारत-नीदरलैंड ने संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत और नीदरलैंड की ओर से शुक्रवार को इस बारे में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत–नीदरलैंड संयुक्त व्यापार और निवेश समिति (जेटीआईसी) की स्थापना दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के माध्यम से किये गए इस समझौता ज्ञापन की औपचारिक घोषणा नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील की भारत यात्रा और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक के अवसर पर की गई। इस समझौता ज्ञापन में व्यापार और निवेश संबंधी मामलों पर नियमित संवाद और सहयोग के लिए एक औपचारिक

■ समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी–बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी

संस्थागत ढांचा, संयुक्त व्यापार आयोग (जेसीआई सी) की स्थापना का प्रावधान है। आयोग द्विपक्षीय व्यापार संबंधों की समीक्षा करने, दोनों पक्षों के बीच निवेश को बढ़ावा देने, निवेश और व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की संभावना तलाशने के लिए एक समर्पित तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी–बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी, जिससे संस्थागत स्तर पर निरंत. रता और सतत सहयोग सुनिश्चित होगा। जेटीआईसी की सह–अध्यक्षता भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक (विदेश आर्थिक संबंध) करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे जिनमें सरकारी अधिकारी और नामित अन्य सदस्य होंगे।

# वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आया: एस. जयशंकर

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनी. तिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं।

पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी थोप नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संत. ुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार,



■ अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता, भारतीय विदेश मंत्री का दावा–ताकत के कई केंद्र उभरे

ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा कि यह पहच. ानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा कि हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।श बांग्लादेश के हालात पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश बनने के कुछ साल बाद, हमारे सामने पाकिस्तान के साथ–साथ पश्चिम और चीन भी थे।

## सूडान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर ड्रोन हमलों की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान में संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे पर पिछले सप्ताह हुए ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की, जिसमें छह बंगलादेशी शांति सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने प्रेस विज्ञप्ति में शहीद शांति सैनिकों के परिवारों और बंगलादेश सरकार और जनता के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। ड्रोन हमले शनिवार को सूडान के दक्षिण कोर्डोफान राज्य के कडुगली में हुए। परिषद के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे और अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल के शांति सैनिकों पर जानबूझकर किए गए इस हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा

## लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग ने यौन अपराध दोषी जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़े दस्तावेजों और तस्वीरों का एक नया सेट जारी किया। यह कदम महीनों के राजनीतिक दबाव और 'एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट' के पारित होने के बाद उठाया गया है। सामग्री का एक बड़ा हिस्सा अभी भी भारी रूप से संपादित है। जारी की गई फाइलों में ऐसी तस्वीरें और रिकॉर्ड शामिल हैं जो एपस्टीन को बिल क्लिटन, गिस्लेन मैक्सवेल और पॉप स्टार माइकल जैक्सन जैसी हाई–प्रोफाइल हस्तियों के साथ सामाजिक समारोहों में दिखाते हैं। सीएनएन के अनुसार, दस्तावेजों में दिखाई देने वाले अन्य उल्लेखनीय व्यक्तियों में मिक जैगर, वुडी एलन और नोआम चॉम्स्की शामिल हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित नए कानून के तहत प्रकाशित इन फाइलों के लिए एपस्टीन और उनकी लंबे समय तक सहयोगी रही गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े 'गैर–वर्गीकृत' रिकॉर्ड जारी करना आवश्यक है। इन



■ 7 सेट में 3 लाख दस्तावेज जारी

दस्तावेजों के बड़ी संख्या के होने के कारण चरणबद्ध तरीके से खुलासे किए जा रहे हैं। मैक्सवेल को 2021 में किशोर लड़कियों की तस्करी में सहायता करने का दोषी ठहराया गया था और वह वर्तमान में 20 साल की जेल की सजा काट रही है। शाम लगभग 7 बजे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई नई सामग्रियों में लगभग 120 तस्वीरें शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर तस्वीरें एफबीआई के सबूत बक्सों, लिफाफों, हार्ड ड्राइव, पुरानी सीडी और फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और अमेरिकी वर्जिन आइलैंड्स में एपस्टीन की संपत्तियों से बरामद कंप्यूटर उपकरणों को दिखाती हैं। पीड़ितों और चल रही जांच की सुरक्षा के लिए दस्तावेजों को भारी रूप से संपादित किया गया है। न्याय विभाग के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन की एक हॉट टब वाली तस्वीर में एक व्यक्ति का चेहरा छुपा दिया गया था ताकि पीड़ित व्यक्ति की पहचान की रक्षा की जा सके। एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट हालांकि विभाग को कुछ जानकारी संपादित करने की अनुमति देता है, लेकिन कुछ तस्वीरों में बिना किसी स्पष्टीकरण के एक बुजुर्ग व्यक्ति सहित अन्य व्यक्तियों के चेहरों को धुंधला दिखाया गया है। डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच ने कहा कि विभाग व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य पीड़ितों की जानकारी, बाल यौन शोषण सामग्री, वर्गीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा सामग्री, या ऐसी जानकारी के लिए संपादन बरकरार रखेगा जो सक्रिय जांच को खतरे में डाल सकती है।

# सीरिया में आतंक के अड्डों पर अमेरिकी वॉर

## ट्रम्प के आदेश पर 70 ठिकानों पर हवाई हमले

**वाशिंगटन।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। अमे. रिकी सैनिकों और एक अमेरिकी दुभाषिये की मौत के बाद ट्रम्प प्रशासन ने बदले की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सीरिया में आईएस ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए।

अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है कि यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि ये युद्ध की शुरुआत नहीं, हमारा बदला है। लगभग एक हफ्ते पहले सीरिया के रेगिस्तानी इलाके में हुए घातक हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। इस हमले के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सीधे तौर पर इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ट्रम्प ने बेहद सख्त



■ अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है: यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है

कार्रवाई का ऐलान किया था। उसी कड़ी में अमेरिकी सेना ने सीरिया के मधय हिस्सों में आईएस के ठिकानों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया। अमे. रिकी अधिकारियों के अनुसार यह हमला बड़े पैमाने पर किया गया। सीरिया के अलग–अलग इलाकों में आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन ठिकानों में आईएस का बुनियादी ढांचा, हथियार भंडारण केंद्र और आपरेशन से जुड़े ठिकाने शामिल थे। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और हमले भी हो सकते हैं। अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा कि ये किसी युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने कहा कि दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाने वालों को ढूंढकर खत्म किया जाएगा। अमेरिकी बयान में दावा किया गया कि इस अभियान में बड़ी संख्या में दुश्मन मारे गए हैं और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अमेरिकी सेना ने इस हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। एफ–15 ईगल लड़ाकू विमान, ए–10 थंडरबोल्ट ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट और एएच–64 अपाचे हेलिकाप्टर हमले में शामिल रहे। इसके अलावा जार्डन से उड़ान भरने वाले एफ–16 लड़ाकू विमान और हिमार्स राकेट आर्टिलरी सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने जमीन और हवा से एक साथ कार्रवाई कर आईएस को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि यह युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो भी आतंकवादी अमेरिकियों पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे पहले से कहीं ज्यादा कड़ी मार झेलनी पड़ेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा।

## काहिरा में गाजा शांति योजना के अगले चरण पर चर्चा की

**काहिरा।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और मिस्र में उनके समकक्ष बद्र अब्देलात्ती ने शुक्रवार को काहिरा में बातचीत की और दोनों नेताओं के बीच वार्ता का मुख्य केन्द्र बिंदु गाजा शांति योजना के दूसरे चरण के कार्यान्वयन पर था। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अब्देलात्ती ने कहा कि मिस्र इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास जारी रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह योजना निकट भविष्य में अपने अगले चरण में प्रवेश करेगी। प्रस्तावित कदमों में गाजा पट्टी से इजरायली सैनिकों की वापसी, शांति–रक्षक बलों की तैनाती और क्षेत्र के प्रशासन के लिए एक नागरिक समिति का गठन शामिल है।

# ओडेसा बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमला

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा के बंदरगाह ढांचे पर शुक्रवार देर रात रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, हमले के केंद्र के पास एक बस में सवार कुछ लोग भी घायल हुए।

बंदरगाह के पार्किंग क्षेत्र में खड़े ट्रकों में आग लग गई, जबकि कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। रूस की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले

■ आठ लोगों की मौत और 27 घायल, जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने किए ड्रोन हमले

एक दिन में उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे परिवहन और भंडारण ढांचे के साथ–साथ ऊर्जा प्रतिष्ठानों और कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं पर हमले किए। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस की एक तेल ड्रिलिंग प्लेटफार्म, एक सैन्य गश्ती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बयान के मुताबिक, शुक्रवार रात हुए हमले में रूसी गश्ती जहाज ओखोत. निक को क्षति पहुंची।



# जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर को हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में उनकी फिल्म होमबाउंड के लिए एक्टर ऑफ द ईयर फीमेल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारत की ओर से ऑस्कर 2026 के लिए आधिकारिक एंट्री रही होमबाउंड ने इंटरनेशनल फीचर फिल्म की कैटेगरी में टॉप 15 फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। इस फिल्म में विशाल जेठला, ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है फिल्म समीक्षकों से भरपूर सराहना बंटोरने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल कर चुकी इस फिल्म के लिए जान्हवी कपूर को मिला यह सम्मान उनके अभिनय करियर में न सिर्फ एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि ग्लोबल सिनेमा में जाह्नवी की मजबूत की मौजूदगी को और पुख्ता करती है। जाह्नवी कपूर ने अवॉर्ड जीतने के बाद इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, इस बेहद खास फिल्म के सफर में मैंने बहुत कुछ सीखा, लेकिन जो सबसे खास बात मुझे लगी वो है कि किसी को भी जज करने से पहले हम अपने पूर्वाग्रहों के बोझ से निकलें और वे जैसे हैं, उन्हें उसी तरह देखें। हालांकि मैं दूसरों से भी यही उम्मीद करती हूं कि मेरे बारे में कोई भी पूर्वाग्रह रखने या राय बनाने से पहले वे स्थिति का सही आकलन करें। मैं समझती हूं यही एक ऐसा उपहार है, जो हम बतौर इंसान एक-दूसरे को दे सकते हैं। जाह्नवी कपूर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करने और अपने अभिनय को मिले इस घस पहचान के लिए उन्होंने एनडीटीवी को भी धन्यवाद दिया है। जाह्नवी कपूर ने इस खास फिल्म के लिए अपनी पोस्ट में निर्देशक नीरज घेवान के प्रति भी आभार जताते हुए उन्हें प्यार से सबसे बेहतरीन निर्देशक और ह्यूमन टेडी कहा है। अपनी पोस्ट के जरिए जान्हवी ने यह भी बताया है कि होमबाउंड को भारत में मिला यह पहला अवॉर्ड है। हालांकि इन दिनों नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही फिल्म होमबाउंड के लिए जाह्नवी को मिला यह सम्मान न सिर्फ उनके अभिनय करियर सफर को और मजबूत करता है, बल्कि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा, दोनों में अपनी एक भरोसेमंद और अर्थपूर्ण पहचान बनाने में कारगर भूमिका भी निभा रहा है।

### कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं : अनुपम खेर

**मुंबई।** चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं और वह उनके अभिनय के प्रशंसक रहे हैं। कमल हासन और अनुपम खेर की दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर अचानक मुलाकात हो गई। अनुपम खेर ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अनुपम खेर इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक कमल हासन जी से मिलकर बेहद खुशी हुई।

# इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना संतोषजनकः सुम्बुल



**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से संतोषजनक रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता सुम्बुल तौकीर खान के सफर को दर्शाता है, जहां वह केवल अस्तित्व बचाने की लड़ाई से आगे बढ़कर अपने जीवन पर नियंत्रण पाना शुरू करती है। संजय (ऋषि सक्सेना) की बढ़ती असुरक्षा और विराट रजत वर्मा की अनसुलझी मौजूदगी के बीच फंसी अन्विता, अब विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा फारुख सईद के आने से नई चुनौतियों का सामना कर रही है। अन्विता के सामने अब ऐसे विकल्प हैं जो उसकी सहनशक्ति और रिश्तों की परीक्षा लेंगे। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अन्विता पर्सी कैफे की जिम्मेदारी संभालती है, जो उसके बढ़ते आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को दर्शाता है। हालांकि, यह संजय के साथ संघर्ष का कारण बनता है, जिसकी असुरक्षा तब और गहरी हो जाती है जब वह अन्विता के पर्सनल डेवलपमेंट को गलत समझता है। विराट की निरंतर उपस्थिति से खुद को असुरक्षित महसूस करता है। एक भव्य पार्टी के साथ विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा की एंट्री होती है। ड्रामा तब और बढ़ जाता है जब विराट बताता है कि उसने कैफे की प्रॉपर्टी खरीद ली है।

वह अन्विता को वहां से निकालने की धमकी देता है। क्या अन्विता की यह नई ताकत उसके सपनों और रिश्तों दोनों को बचाने के लिए काफी होगी? सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अन्विता के लिए यह दौर बेहद शक्तिशाली है क्योंकि यह केवल परिस्थितियों से लढ़ने के बजाय वास्तव में अपने जीवन की कमान संभालने की ओर उसके बदलाव को दर्शाता है। इस सफर को जो बात जटिल बनाती है, वह यह है कि उसकी तरक्की को उसके करीबी लोग ही गलत समझते हैं। उसे चुनौती देते हैं। इस बदलाव के दौरान अन्विता का किरदार निभाना, जहां वह भावुक भी है, दृढ़ निश्चई भी और अपनी जमीन बचाना सीख रही है, भावनात्मक रूप से काफी गहन और संतोषजनक रहा है। दर्शक उसे ऐसे रूप में उभरते हुए देखेंगे जिसकी उन्हें उम्मीद नही होगी।
इत्ती सी खुशी, हर सोमवार से शनिवार नौ बजे, प्रसारित होता है।

## धुरंधर ने भारतीय बाजार में 460 करोड़ रुपये की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में दो सप्ताह में 460 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।इस फिल्म में रणबीर सिह और अक्षय खन्ना के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही हैं। फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाल मचा रही है।

# एकता कपूर ने बताई क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप की वजह



**मुंबई।** टेलीविजन क्वीन एकता कपूर ने स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में आए बहुचर्चित लीप पर अपनी बात रखी है। एकता कपूर ने इस बड़े बदलाव के पीछे की सोच को साफ करते हुए बताया कि कहानी को किस दिशा में ले जाया जा रहा है। एकता कपूर का कहना है कि यह लीप किसी ड्रामैटिक अंत के लिए नही, बल्कि भावनाओं की सच्चाई को दिखाने के लिए लाया गया है। एकता कपूर ने बताया कि शो में लीप लाने का फैसला इस सोच से लिया गया कि समय के साथ रिश्ते कैसे बदलते हैं। उनके लिए यह कोई पुराने सफर का अंत नही है, बल्कि ज़िदगी की तरह एक आगे बढ़ने की प्रक्रिया है। जैसे असल ज़िदगी में रिश्तों में समय के साथ दूरी आती है, भावनाएं बदलती हैं और उनके मायने नए हो जाते हैं, वैसे ही इस लीप के ज़रिए कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है। एकता कपूर कहा, एक कहानीकार के तौर पर मेरे लिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी हमेशा से रिश्तों को समय के साथ बढ़ते, टूटते और बदलते हुए दिखाने की कहानी रही है।

जब मैंने कहानी में लीप लाने के बारे में सोचा, तो मेरा मकसद कभी भी किसी चैप्टर को खत्म करना नही था, बल्कि कहानी को अपने किरदारों के साथ सांस लेने और आगे बढ़ने का मौका देना था। मैं लंबे रिश्तों की हकीकत दिखाना चाहती थी कि प्यार समय के साथ कैसे अपना रूप बदलता है, गलतफहमियां कैसे जख्म छोड़ जाती हैं और कैसे भावनात्मक दूरी धीरे-धीरे ज़िदगी में जगह बना लेती है।

# 2026 में बड़े पर्दे पर जलवा बिखेरेंगी नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां

**मुंबई।** वर्ष 2026 में अभिनता-अभिनेत्रियों की नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां सिल्वर स्क्रीन पर जलवा बिखरती नजर आयेंगी। वर्ष 2026 में फिल्ममेकर नए प्रयोग कर रहे हैं और दर्शक भी कुछ अलग, ताज़ा और असरदार देखना चाहते हैं, यही वजह है कि वे सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां लेकर आ रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियों के बारे में, जिनके न सिर्फ चर्चा बटोरने की संभावना है, बल्कि अपनी केमिस्ट्री और एनर्जी से बड़े पर्दे पर अपनी खास पहचान छोघ्ने की भी संभावना है। अनुराग बसु की अनटाइटल्ड म्यूज़िकल फिल्म कार्तिक के इंटेंस चार्म और लीला की जीवंत एनर्जी वाली यह जोड़ी, न सिर्फ मास ऑडियंस के लिए बनी हाई-एनर्जी जोड़ी है, बल्कि म्यूजिकल और विजुअल ट्रीट को ब्लॉकबस्टर बनाने का दम भी रखती है। क्राफ्ट और वर्सेटिलिटी की पावर-पैक जोड़ी यानी सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी पहली बार दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग के साथ आने जा रही हैं। माना जा रहा है कि सिद्धांत का अनप्रेडिक्टेबल अंदाज और वामिका की गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति मिलकर एक शांत लेकिन बेहद असरदार केमिस्ट्री बनाएंगी।

सिद्धांत चतुर्वेदी - मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म दो दीवाने शहर में नजर आएगी। संवेदनशीलता, गहराई और युवा ऊर्जा से भरपूर यह जोड़ी भावनात्मक कहानी में रची बसी फिल्म दो दीवाने शहर में में खूब जंच. ेगी, ऐसी चर्चा है क्योंकि यह दोनों कलाकार अपने किरदारों में सच्चाई लाने के लिए जाने जाते हैं। हालांकि फिल्म के पोस्टर और एनिमेटेड टीजर को देखकर यह संभावना और प्रबल हो गई है। फिल्म पेड्डी में राम चरण के करिश्माई अवतार और जान्हवी की सॉफ्ट ग्रेस को अगर नॉर्थ और साउथ सिनेमा का दमदार संगम कहें तो गलत नही होगा। ऐसे में यह जोड़ी वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित जोड़ियों में शामिल हो चुकी है। वरुण धवन-मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएगी। इसमें दो राय नही है कि वरुण धवन और मृणाल ठाकुर, स्टारडम और सशक्त अभिनय का संगम है। वरुण की एनर्जी और मृणाल की भावनात्मक सच्चाई इस जोड़ी को रोमांस से लेकर ड्रामा तक हर जॉनर में असरदार बनाती है। इसी फिल्म में वरुण धवन - पूजा हेगड़े की भी जोड़ी है।

भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251307

दिनांक- 19/12/2025

**निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:**

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थान हॉस्पिटल | मेडिकल सुपरीटेंडेंट (Clinical Subject में पी0जी0 एवं 10 साल का अनुभव) | 1 |
| 1 | स्वस्थवृत्त विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 2 | स्त्री प्रसूति विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 3. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर, लेक्चरर | 1 |
| 4. | पंचकर्म विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 5. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना **बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों** की दो प्रतियाँ तथा **पासपोर्ट साइज** फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

पता: भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्क: 9084681283 / 7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेबराव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक

